RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः87 , सोमवार, 11 मई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com




पतंजलि योग समिति का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न 03


चोरी की केटीएम बाइक से शराब तस्करी, रोकने गए एसआई को मारी टक्कर 04

आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ओटीटी अमेजन प्राइम... 07

संक्षिप्त समाचार

## असम में फिर हिमंत बिस्वा सरमा सरकार

- एनडीए के विधायक दल ने सर्वसम्मति से दिया समर्थन



**दिसपुर (एजेंसी)।** असम में एक बार फिर से हिमंत बिस्वा सरमा के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। रविवार को गुवाहाटी में असम विधानसभा की विधायक दल की बैठक के दौरान भाजपा और एनडीए सहयोगियों के विधायकों ने हिमंत को सर्वसम्मति के साथ अपना नेता चुना। इस बैठक में एनडीए के असम में मौजूद सभी 82 विधायक उपस्थित रहे। इसके अलावा पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। भाजपा और एनडीए विधायक दल द्वारा हिमंत को नेता चुने जाने के बाद केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा, असम में नए विधायक दल के नेता के चुनाव की प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। हमें भाजपा की तरफ से 8 और सहयोगी पार्टियों एजीपी और बीपीएफ की ओर से हिमंत सरमा के नाम से ही प्रस्ताव मिले हैं। इन प्रस्तावों का अन्य सदस्यों ने समर्थन किया है। इसके आधार पर मैं आधिकारिक रूप से उन्हें भाजपा और एनडीए सहयोगियों के नेता के तौर पर घोषित करता हूं।

### 12 वर्षों के अच्छे कामों का मिला नतीजा: हिमंता

इसके बाद सभी ने मिलकर हिमंत बिस्वा सरमा का सम्मान किया और उन्हें एक बड़ी फूलों की माला पहनाई। वहां पर मौजूद विधायक दल को संबोधित करते हुए हिमंत ने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और असम की जनता का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, यह भाजपा और हमारे सहयोगियों के लिए गर्व का क्षण है। हम असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में सफल हुए हैं।

## केरल में नहीं सुलझ पा रहा सीएम का मुद्दा

- आपसी कलह से जूझ रही कांग्रेस, थरूर-खरगे की बैठक
- सीएम को लेकर 3 नेताओं में है जंग चरम पर पहुंची गुटबाजी




**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में एलडीएफ के 10 साल के शासन को खत्म करने के बाद कांग्रेस के भीतर जश्न के बजाय गुटबाजी का दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पद के लिए तीन मुख्य दावेदार वीडी सतीसन, रमेश चेन्निथला और केसी वेणुगोपाल मैदान में हैं। शनिवार को ये सभी नेता दिल्ली में मौजूद रहे और माना जा रहा है कि अगले 24 घंटों के भीतर अंतिम नाम की घोषणा हो जाएगी। मुख्यमंत्री पद की यह जंग अब सार्वजनिक हो गई है। तिरुवनंतपुरम से लेकर इडुक्की तक समर्थकों ने अपने-अपने नेताओं के पोस्टर और होर्डिंग्स लगा दिए हैं। सबसे विवादित घटना तब हुई जब दिवंगत नेता ओमान चांडी और केसी वेणुगोपाल की तस्वीर वाले एक फ्लेक्स बोर्ड को फाड़ दिया गया और उस पर काला तेल डाल दिया गया। कांग्रेस सांसद राजमोहन उन्नीथन और पीजे कुरियन ने इस व्यवहार की कड़ी निंदा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दबाव की राजनीति से मुख्यमंत्री तय नहीं किया जा सकता।

### मुख्यमंत्री पद के मुख्य दावेदार

वीडी सतीसन को विपक्ष के नेता के रूप में एलडीएफ के खिलाफ आक्रामक चेहरा माना गया। यूडीएफ का समर्थन उन्हें प्राप्त है। पूर्व विपक्ष के नेता और संगठन पर मजबूत पकड़। सोनिया गांधी के करीबी माने जाते हैं। 2021 की हार उनके नेतृत्व में हुई थी। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के बेहद भरोसेमंद हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हैं।

- एनसीआरबी ने जारी किए डराने वाले आंकड़े, भय का माहौल

# अचानक जान गंवा रहे भारतीय युवा, हर घंटे 120 की जा रही जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय युवाओं को लेकर एक चिंताजनक बात साझा की है। डाटा के मुताबिक, भारत में काम काजी युवाओं की अचानक होती मृत्यु में लगातार तेजी देखी जा रही है। 30 से 60 वर्ष की आयु वर्ग के पुरुषों के बीच में ऐसी स्थिति ज्यादा बढ़ रही है। पिछले दशक से तुलना करें, तो 2017 में 23,396 युवा अचानक मौत के मुंह में समा गए थे, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 42,688 रहा। एनसीआरबी ने अपने डाटा में अचानक मौतों में उन स्थितियों को शामिल किया है, जिसमें हिंसा को



छोड़कर बाकी अन्य में तुरंत ही या कुछ ही मिनटों में मौत हो जाती है। इसमें हार्ट अटैक, सड़क दुर्घटना और अन्य स्थितियां शामिल हैं।

### सड़क हादसों में अभी भी जान गंवा रहे भारतीय

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक हार्ट अटैक के अलावा सड़क दुर्घटना आज भी युवा भारतीयों की जान लेने के मामले में सबसे आगे है। 2017 में भारत में हुई सभी अचानक मौतों में 45.1 फीसदी सड़क दुर्घटना की वजह से हुई थीं। वहीं 2024 में भी यह अचानक हुई मौतों में 43 फीसदी हिस्सा रोड़ एक्सीडेंट्स का ही है। सड़क परिवहन मंत्रालय लगातार इसको लेकर गाइडलाइंस जारी करता रहा है, लेकिन इसके बाद भी सड़कों पर होने वाली मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ा है।

# पाकिस्तान के कई शहरों तक होगी अग्नि-5 की पहुंच

**परमाणु हमला करने में भी सक्षम, बढ़ाई सेना की ताकत**

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने रक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर पार कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को घोषणा की कि भारत ने स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण किया है, जो एमआईटीआरवी तकनीक से लैस है। यह परीक्षण शुक्रवार को ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक का सबसे बड़ा लाभ यह है कि एक ही मिसाइल के जरिए कई परमाणु हथियारों को ले जाया जा सकता है। ये हथियार सैकड़ों किलोमीटर के दायरे में फैले दुश्मन के अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकते हैं।



### मिशन दिव्यास्त्र, पहला परीक्षण 2024 में किया था

भारत ने इस तकनीक का पहला सफल परीक्षण मार्च 2024 में किया था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन दिव्यास्त्र का नाम दिया था। इस परीक्षण के साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है।

# अब दक्षिण के राज्यों पर बीजेपी की है नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरब सागर के तट से वर्ष 1980 में शुरू हुई भाजपा की राजनीतिक यात्रा 46 साल बाद गंगासागर तक पहुंच गई है। हालांकि, हिंद महासागर की सीमाई राज्यों तक पहुंचना अभी बाकी है। पार्टी का अगले एक दशक का लक्ष्य सारी समुद्री सीमाओं वाले प्रदेशों में भाजपा को सत्ता तक पहुंचाना है। इसके लिए अब पार्टी अपने मिशन दक्षिण के लिए बदली हुई रणनीति पर काम करेगी। भाजपा की पहुंच से दूर रहा तेलंगाना उसका पहला लक्ष्य है। उसके बाद केरल और तमिलनाडु की व्यूह रचना पर काम होगा। कर्नाटक में उसे अगले ही चुनाव में वापसी की उम्मीद है। साल 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के कुछ समय बाद ही अमित शाह ने भाजपा की कमान संभाली थी। उन्होंने अपने पहले ही भाषण में भाजपा के पूर्वोत्तर विस्तार और कोरोमंडल में पहुंच का विशाल रोड मैप पेश किया था। पूर्वोत्तर से कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने और प्रमुख पूर्वी राज्यों बिहार, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल में अपने मुख्यमंत्री बनाने के बाद अब वह अधूरे मिशन दक्षिण की ओर बढ़ने जा रही है।

**तमिलनाडु में अपनाएगी बंगाल वाला फॉर्मूला**



**वाम दलों की जगह लेने की तैयारी**

केरल भाजपा से ज्यादा आरएसएस की मजबूती के लिए जाना जाता है। इस बार के चुनाव में भाजपा ने बदलाव वाले चुनाव में अपने लिए तीन सीट जीतकर तथा पांच सीट पर दूसरे स्थान पर रहकर अपने भावी अभियान की शुरुआत कर दी है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा वाम दलों की हार के बाद अब उसका स्थान खुद हासिल करने की तैयारी में है। राज्य में हिंदू समुदाय की सालों से पसंद रहे वाम दलों की जगह अब भाजपा लेने की तैयारी में है। ईसाई समुदाय में भी भाजपा ने अपनी पकड़ बनाई है।

### तमिलनाडु में तैयार भाजपा की जमीन

दक्षिण के पांच राज्यों में भाजपा अभी आंध्र प्रदेश में तेलुगुदेशम के साथ गठबंधन सरकार में है। कर्नाटक में कई बार सरकार बना चुकी पार्टी को अगले चुनाव में फिर से सत्ता में आने का भरोसा है। बाकी तीन राज्यों तेलंगाना, तमिलनाडु एवं केरल उसके अगले लक्ष्य हैं। तेलंगाना में भाजपा की जमीन तैयार हो चुकी है। केरल और तमिलनाडु ही उसके लिए सबसे मुश्किल राज्यों में शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, भाजपा तमिलनाडु में पश्चिम बंगाल का फॉर्मूला अपनाएगी और अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए अन्नाद्रमुक के कई प्रमुख नेताओं को अपने साथ लाएगी। यहां हाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने नागेंद्रन भी अन्नाद्रमुक से ही आए हैं।

# अब विजय के हाथ में तमिलनाडु की कमान

**राज्य के 9वें मुख्यमंत्री बने, शपथ लेते वक्त देने लगे स्पीच**

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) चीफ और एक्टर से नेता बने सी जोसेफ विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने रविवार सुबह 10.15 बजे तमिल में शपथ ली। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे। थलापति विजय शपथ लेते समय निर्धारित लाइनों के अलावा और बातें बोलने लगे। इस पर राज्यपाल अर्लेकर ने उन्हें टोक दिया और कहा कि वही पढ़ें जो लिखकर दिया है। सीएम विजय के साथ 9 और मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें एन आनंद, आधव अर्जुन, डॉ. केजी अरुणराज, केए सेंगोट्टैयन, पी वेंकटरमणन, आर निर्मल कुमार, राजमोहन, डॉ. टीके प्रभु, सेल्वी एस कीर्तना शामिल है। ये सभी विजय की पार्टी टीवीके के विधायक हैं। सहयोगी दलों के किसी विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है। सीएम बनते ही विजय एक्शन में आए और दस्तावेजों का पहला सेट साइन किया। इनमें 200 यूनिट फ्री बिजली देने, महिला सुरक्षा दल और एंटी ड्रग्स स्क्वॉड बनाने के आदेश शामिल हैं।



# कांग्रेस धोखेबाज, डीएमके की पीठ में घोंपा छुरा

**कर्नाटक में 'आर्ट ऑफ लिविंग' के प्रोग्राम में बोले मोदी**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कांग्रेस और डीएमके के बीच पिछले 25-30 साल से करीबी संबंध रहे हैं। डीएमके ने कई बार कांग्रेस को संकट से बाहर निकाला। 2014 से पहले केंद्र में 10 साल तक चली कांग्रेस सरकार भी डीएमके के समर्थन की वजह से ही टिकी रही। डीएमके ने हर समय



कांग्रेस के हित में काम किया, लेकिन जैसे ही सत्ता का समीकरण बदला, कांग्रेस ने पहले ही मौके पर डीएमके की पीठ में छुरा घोंप दिया। उन्होंने यह बात आर्ट ऑफ लिविंग के 45वें स्थापना दिवस समारोह में कही। पीएम रविवार से तीन राज्यों के दौरे पर हैं। पीएम ने कहा- कांग्रेस पार्टी सिर्फ धोखा देना जानती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस खुद झूठ बोलती है और उसकी गारंटियां भी झूठी होती हैं। कर्नाटक में तीन साल से यही स्थिति है।

### बेंगलुरु में पीएम के कार्यक्रम स्थल से 3 किमी दूर मिलीं जिलेटिन छड़ें

कर्नाटक के बेंगलुरु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले सुरक्षा जांच के दौरान दो जिलेटिन छड़ें बरामद हुई हैं। अधिकारियों के मुताबिक, ये मुख्य कार्यक्रम स्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर फुटपाथ के किनारे मिलीं। एसपी सेंट्रल रेंज बेंगलुरु ने बताया कि शुक्रवार सुबह पीएम मोदी के पहुंचने से पहले इलाके में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो जिलेटिन छड़ें बरामद की गईं। फिलहाल मामले की जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि छड़ें कैसे पहुंचीं।

### 400 से ज्यादा सीटें जीतने वाली पार्टी 100 सीटें भी नहीं जीत पा रही

पीएम ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि 40 साल पहले 400 से ज्यादा सीटें जीतने वाली पार्टी पिछले तीन चुनावों में मिलकर भी 100 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। इसके बावजूद कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का अहंकार इतना ज्यादा है कि वे अपनी हार के लिए पूरी दुनिया को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। पीएम ने बीजेपी और एनडीए की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि देशभर में पार्टी को बड़ा समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि पुडुचेरी में लगातार दूसरी बार और असम में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार बनी है। पश्चिम बंगाल में भी बीजेपी को पहली बार इतना बड़ा जनादेश मिला है। उन्होंने इसे पार्टी के लिए अहम राजनीतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा यह भी कहा कि दो हफ्ते पहले गुजरात में हुए पंचायत और स्थानीय निकाय चुनावों में बीजेपी ने रिकॉर्ड जीत हासिल की। उनके मुताबिक, गुजरात बीजेपी ने अपने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए।

**बीजेपी को रोकने के लिए वाम के साथ भी जाने को तैयार**

# बंगाल की करारी हार से बदले ममता के तेवर

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में कभी वामपंथ की सबसे बड़ी विरोधी मानी जाने वाली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सुर अब विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद बदलते नजर आ रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने भाजपा को रोकने के इराने से विपक्षी दलों से साथ आने की अपील की है। ममता ने संकेत दिए हैं कि भाजपा के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए उन्हें वामदलों और यहां तक कि धुर-वामपंथियों से भी परहेज नहीं है। उनका यह बयान न केवल बंगाल बल्कि देश की राजनीति में एक बड़ी हलचल पैदा कर रहा है। जिस ममता बनर्जी ने तीन दशक पुराने वामपंथी किले को ढहाया था, आज वही उनके साथ मंच साझा करने की बात कह रही हैं। ममता बनर्जी की राजनीति की नींव ही वामपंथ के विरोध पर टिकी थी। 1970 और 80 के दशक में जब पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा अभेद्य माना जाता था, तब ममता बनर्जी एक आक्रामक युवा नेता के रूप में उभरीं।



### सिंगूर और नंदीग्राम आंदोलन से बनाई पहचान

साल 2006-2008 के दौरान सिंगूर में टाटा नैनो प्लांट के खिलाफ भूमि अधिग्रहण आंदोलन और नंदीग्राम में पुलिस फायरिंग की घटनाओं ने ममता बनर्जी को बंगाल की जनमानस का मसीहा बना दिया। उन्होंने 'मां, माटी, मानुष' का नारा दिया, जिसने वामपंथ के उस सर्वहारा वर्ग को अपनी ओर खींच लिया जो कभी माकपा का आधार था। साल 2011 के विधानसभा चुनावों में ममता बनर्जी ने वह कर दिखाया जो असंभव माना जाता था। उन्होंने 34 साल पुराने वामपंथी शासन को उखाड़ फेंका। बुद्धदेव भट्टाचार्य की हार और राइटर्स बिल्डिंग से लाल झंडे का हटना भारतीय राजनीतिक इतिहास की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक थी। उस समय ममता ने कसम खाई थी कि वह बंगाल से वामपंथ का नामोनिशान मिटा देंगी।

### आज की मजबूरी या आगे की रणनीति

पिछले एक दशक में बंगाल की राजनीतिक जमीन पूरी तरह बदल चुकी है। वामदल हाशिए पर चले गए हैं और भाजपा मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी है। ममता बनर्जी अब महसूस कर रही हैं कि मतों का बिखराव अंतत: भाजपा को फायदा पहुंचाता है। हालिया बयानों में ममता ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय स्तर पर और विशेष रूप से बंगाल में भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए विपक्ष की एकता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि देश को बचाना है और धर्मनिरपेक्षता को कायम रखना है तो सभी गैर-भाजपाई ताकतों को एक साथ आना होगा। इसमें उन्होंने विशेष रूप से वाम और घोर वामपंथी विचारधारा वाले समूहों का नाम लेकर सबको चौंका दिया है।

### जमीनी कार्यकर्ताओं का टकराव

बंगाल के गांवों में आज भी टीएमसी और वामपंथी कार्यकर्ताओं के बीच खूनी संघर्ष का इतिहास रहा है। क्या शीर्ष नेतृत्व के हाथ मिलाने से जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता एक-दूसरे को स्वीकार करेंगे। वामदलों के लिए ममता बनर्जी आज भी उनकी सत्ता छीनने वाली नेता हैं। माकपा के कई नेता ममता पर ही भाजपा को बंगाल में जगह देने का आरोप लगाते रहे हैं। धुर-वामपंथी समूह अक्सर संसदीय राजनीति से दूरी बनाकर रखते हैं या बेहद कट्टर रुख अपनाते हैं। ममता का उन्हें साथ आने का न्योता देना यह दर्शाता है कि वह भाजपा के खिलाफ एक संयुक्त मोर्चा बनाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। ममता बनर्जी का यह हृदय परिवर्तन राजनीति की उस कड़वी सच्चाई को दर्शाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक करोड़ की हेरोइन के साथ 4 तस्कर अरेस्ट, हाजीपुर बनता जा रहा ड्रग्स सप्लाई का बड़ा केंद्र

**हाजीपुर।** बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद सूखे नशे के कारोबार में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। नशे के आदी लोगों और मादक पदार्थ बेचने वाले गिरोहों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में अब हाजीपुर ड्रग्स सप्लाई का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में पुलिस ने कई बार मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की है, लेकिन इसके बावजूद हेरोइन और अन्य ड्रग्स की सप्लाई का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा। वैशाली पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में हेरोइन के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तीन लोग असम के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जबकि एक महिला भी इस गिरोह में शामिल पाई गई है। पुलिस ने महिला को शहर में मादक पदार्थ की डिलीवरी करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से 526 ग्राम हेरोइन, 80 हजार रुपये नकद, चार मोबाइल फोन और कई एटीएम कार्ड बरामद किए हैं।



पुलिस के अनुसार बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई है। माना जा रहा है कि यह गिरोह लंबे समय से जिले में सक्रिय था और संगठित तरीके से ड्रग्स सप्लाई का नेटवर्क चला रहा था। मामले का खुलासा करते हुए सदर एसडीपीओ ने बताया कि मादक पदार्थ की यह खेप असम के दीमापुर से हाजीपुर लाई गई थी। स्थानीय तस्कर अश्विनी कुमार के जरिए इसे जिले के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई किया जाना था। हालांकि, इससे पहले ही पुलिस को गुप्त सूचना मिल गई और कार्रवाई करते हुए पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर दिया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अब इस ड्रग्स सिंडिकेट के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि इस नेटवर्क के तार बिहार के किन-किन जिलों और अन्य राज्यों से जुड़े हुए हैं। बरामद मोबाइल और एटीएम कार्ड के जरिए आर्थिक लेनदेन और संपर्कों की भी जांच की जा रही है।

### वैशाली में महिला का शव रखकर क्लीनिक पर तोड़फोड़, डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

**हाजीपुर।** वैशाली के कटहरा थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर सेहान पंचायत स्थित एक निजी क्लीनिक 'ग्रामीण चिकित्सक परामर्श केंद्र' में परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने 50 वर्षीय महिला मुस्कान देवी का शव क्लीनिक में रखकर तोड़फोड़ की और घंटों प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्लीनिक की घेराबंदी कर शव को अपने कब्जे में लिया। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में लग गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि निजी क्लीनिक के डॉक्टर भूषण ने इलाज में लापरवाही बरती, जिसके कारण मुस्कान देवी की मृत्यु हो गई। उनका कहना है कि मुस्कान देवी का इलाज इसी निजी अस्पताल में चल रहा था।



कुछ ग्रामीणों ने बताया कि मुस्कान देवी की मौत घर पर ही हुई थी, जिसके बाद शव को क्लीनिक पर लाकर तोड़फोड़ की गई। मृतका के पति देवेंद्र कुमार उर्फ टुन्नु ने जानकारी दी कि उनकी पत्नी को आज सुबह पेट दर्द हुआ था। मुस्कान देवी की शादी लगभग 11 वर्ष पहले देवेंद्र कुमार उर्फ टुन्नु से हुई थी। उनकी अपनी कोई संतान नहीं थी, जिसके बाद उन्होंने 2021 में अपने साढ़ू के बेटे, 11 वर्षीय रोहित कुमार को गोद लिया था। मुस्कान देवी तीन दिन पहले ही अपनी ननद की शादी में गांव आई थीं। कटहरा थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। FSL टीम भी जांच में जुटी है। उन्होंने यह भी बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चलती ऑटो में महिला से सोने का हार छीना, बिदुपुर में तीसरी बार हुई वारदात

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र में शनिवार शाम करीब चार बजे एक चलती ऑटो में सवार महिला से बाइक सवार बदमाशों ने सोने का हार छीन लिया। मधूरापुर स्थित वैशाली सेंट्रल पब्लिक स्कूल के पास हुई यह घटना इस इलाके में गहने छीनने की तीसरी वारदात है। पीड़िता रूबी देवी महनार के अलीपुर गांव की निवासी हैं। वह बिदुपुर में एक शादी समारोह से अपने घर लौट रही थीं और उन्होंने घर जाने के लिए एक सीएनजी ऑटो बुक किया था। रूबी देवी के अनुसार, रास्ते में बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले से सोने का ढोलना



(हार) झपट लिया। बदमाश वैशाली सेंट्रल पब्लिक स्कूल चौराहे से दक्षिणी दिशा में फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि बदमाशों ने मास्क पहन रखे थे। गहना छीनने के बाद एक बदमाश कुछ दूर तक पैदल भागा और फिर एक बाइक पर सवार होकर अपने साथी के साथ फरार हो गया। घटना के बाद महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गए। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और बिदुपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### डिजिटल स्टूडियो-सीएससी सेंटर का संचालक गिरफ्तार, अवैध वेबसाइटों से बनाते थे आधार-पैन

**हाजीपुर।** वैशाली पुलिस ने फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में एक डिजिटल स्टूडियो और सीएससी सेंटर के संचालक को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह अवैध वेबसाइटों का उपयोग कर आधार कार्ड, वोटर आईडी और पैन कार्ड सहित कई सरकारी दस्तावेज फर्जी तरीके से तैयार कर रहा था। सीसीएसयू पटना से मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना वैशाली ने कार्रवाई की। पुलिस ने भगवानपुर रत्ती चौक स्थित एक डिजिटल स्टूडियो और सीएससी सेंटर पर छापेमारी कर संचालक राजीव रंजन कुमार को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी अगस्त 2024 से अवैध वेबसाइटों का उपयोग कर फर्जी दस्तावेज बना रहा था और प्रत्येक दस्तावेज के लिए 200 से 2500 रुपये वसूलता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी के लैपटॉप और मोबाइल की ब्राउजिंग हिस्ट्री से अवैध वेबसाइटों के इस्तेमाल के पुख्ता सबूत मिले हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी ने पुलिस टीम के सामने कुछ ही मिनटों में फर्जी आधार कार्ड और वोटर आईडी तैयार कर उसका प्रिंट भी निकाला। ये दस्तावेज हूबहू असली दस्तावेजों जैसे दिख रहे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 4 लैपटॉप, 2 मोबाइल, एक डेस्कटॉप, फिंगर प्रिंट स्कैनर और आई स्कैनर बरामद किए। इसके अलावा, भारी मात्रा में विभिन्न व्यक्तियों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक पासबुक और अन्य दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने 17,400 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। साइबर डीएसपी चांदनी सुमन ने बताया कि इन फर्जी दस्तावेजों का उपयोग बैंक खाते खोलने, साइबर धोखाधड़ी और अन्य अवैध गतिविधियों में किया जा रहा था। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता, आईटी एक्ट और आधार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# टीआरई-4 अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन

## 5 जिलों में सीएम का पुतला फूंका, पटना में सम्राट सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**एजेंसी, पटना**

TRE-4 अभ्यर्थियों पर पुलिस की लाठीचार्ज को लेकर पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया जा रहा है। पटना के GPO गोलंबर के पास शाम करीब 4:30 बजे सभी छात्र संगठन जुटे और TRE-4 कैंडिडेट्स के लिए आवाज बुलंद किया। इस दौरान सम्राट सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। साथ की मुख्यमंत्री का पुतला फूंका गया। इससे पहले समस्तीपुर, बक्सर, सहरसा, भागलपुर और रोहतास में भाकपा (माले) और छात्र संगठनों ने CM सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन कर रहे माले नेताओं ने कहा कि छात्र अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद पुलिस ने कार्रवाई की, जो अलोकतांत्रिक है।



छात्रों पर हुए इस हमले के खिलाफ भाकपा–माले, आइसा और आरवाईए ने संयुक्त आह्वान किया है। तीनों संगठनों ने लाठीचार्ज का निंदा करते हुए कहा है कि यह युवाओं की लोकतांत्रिक आवाज को कुचलने की साजिश है। तीनों संगठनों ने मांग किया है कि तत्काल TRE-4 की वैकेंसी निकाली जाए। अभ्यर्थियों की सभी जायज मांगों को पूरा किया जाए और लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। घायल अभ्यर्थियों के इलाज और मुआवजे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**लाठीचार्ज भाजपा–जदयू सरकार की दमनकारी मानसिकता– भाकपा–माले:** इस प्रदर्शन को लेकर इन तीनों संगठन का कहना है कि अपने भविष्य, रोजगार और शिक्षक बहाली की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे TRE-4 अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। यह भाजपा-जदयू सरकार की दमनकारी मानसिकता का खुला प्रदर्शन है। जिन युवाओं के हाथों में कल देश और समाज की शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी, वही युवा पीढ़ी को अपराधियों की तरह सड़कों पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा जा रहा है।

**लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो: भाकपा–माले:** बिहार में लाखों पद खाली पड़े हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है, लेकिन सरकार बहाली निकालने के बजाय युवाओं पर लाठियां बरसा रही है। भाजपा-जदयू सरकार रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। जब-जब नौजवान अपने हक, रोजगार और शिक्षा के सवाल पर सड़कों पर उतरते हैं, तब-तब सरकार पुलिस बल के जरिए आंदोलन को कुचलने का प्रयास करती है।

# पिता नीतीश कुमार की तरह एमएलसी बनेंगे निशांत

**एजेंसी, पटना**



♦ मंत्री बने दीपक प्रकाश भी जाएंगे विधान परिषद, खाली हो रहीं 10 सीटें, चुनाव जल्द

बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री बने निशांत कुमार अपने पिता नीतीश कुमार की तरह विधान परिषद जा सकते हैं। निशांत ने 8 मार्च को जदयू जॉइन की थी। 7 मई को उन्हें सम्राट सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा RLM नेता और उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश का भी विधान परिषद जाना तय माना जा रहा है। उन्हें NDA की ओर से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। वे बिहार सरकार में दूसरी बार मंत्री बने हैं। फिलहाल वे किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। चुनाव आयोग जल्द ही 10 सीटों पर चुनाव की घोषणा कर सकता है। इसे लेकर सत्ता और विपक्ष दोनों खेमों में रणनीति बनाने का दौर शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, NDA इस बार संगठन से जुड़े कई नेताओं को विधान परिषद भेजने की तैयारी में है। इनमें निशांत कुमार और दीपक प्रकाश का नाम सबसे आगे है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11 मई को गुवाहाटी जाएंगे और 12 मई को असम सरकार की शपथ ग्रहण में शामिल होंगे। नीतीश कुमार से जदयू के सीनियर नेताओं ने मुलाकात की और नए मंत्रिमंडल के कामकाज को लेकर चर्चा की।

निशांत कुमार ने 8 मार्च 2026 को JDU जॉइन की थी। 2 महीने के अंदर ही वे मंत्री बन गए हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार लंबे समय तक सक्रिय राजनीति से दूर रहे, लेकिन हाल के दिनों में जदयू की सदस्यता लेने के बाद वे राजनीतिक तौर पर सक्रिय हुए हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके निशांत अब धीरे-धीरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आने लगे हैं। निशांत कुमार वर्तमान में बिहार में सद्भावना यात्रा निकाल रहे हैं और राज्य के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं।

## पप्पू यादव ने कहा- मैं दो साल से मेहनत कर रहा, मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं दे रहीं

**एजेंसी, पटना**

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव रविवार को सोशल मीडिया पर लाइव आकर विपक्ष पर बरस पड़े। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए जमकर खरी-खोटी सुनाई। इस दौरान पप्पू यादव कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी पर भी भड़के और कहा, 'मैं बिहार में कांग्रेस समर्थित हूं, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई।' वहीं गोपालगंज में बाहुबली विधायक अनंत सिंह पर एफआईआर दर्ज किए जाने पर पूर्णिया सांसद ने वहां के एसपी को धन्यवाद दिया।



पप्पू यादव ने विपक्षी दलों की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि, 'बिहार में जनता परेशान है, लेकिन विपक्ष सड़क पर उतरने की बजाय सिर्फ सोशल मीडिया पर राजनीति कर रहा है।' विपक्ष को "हिजड़ा" बताते हुए कहा कि सिर्फ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से कुछ नहीं होगा, नेताओं को सड़कों पर उतरना होगा। पब्लिक हम लोगों को सपोर्ट नहीं करती, बल्कि चोर-लुटेरों को सपोर्ट करती है। हम तो खत्म हो गए।'

पप्पू यादव ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि, 'नीट छात्र की मौत पर विपक्ष नहीं निकला, तीन साल के बच्चे के साथ रेप हुआ तब भी विपक्ष नहीं निकला। इतना बड़ा साइक्लोन आया, तब भी कोई सड़क पर नहीं उतरा। लोग परेशान हैं, लेकिन विपक्ष सरकार को आईना नहीं दिखा रहा।'

# मंत्री आवास के बाहर मिली लाश की पहचान हुई, फुलवारीशरीफ की रहने वाली थी मृतका

**एजेंसी, पटना**

पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित पुनाईचक लिंक रोड में बीते 3 मई को मंत्री जमा खान के सरकारी आवास की चारदीवारी के पास नाबालिग लड़की की लाश मिली। इस मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका की पहचान सानिया के रूप में हुई है, जो फुलवारीशरीफ की रहने वाली थी। लड़की की बॉडी को सुपुर्द खाक कर दिया गया है। लड़की के माता पिता दोनों ने पुलिस के सामने अपना स्टेटमेंट रिकॉर्ड कराया है।

**मंत्री के सरकारी आवास के पास मिली थी लाश:** बीते 3 मई की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सड़क किनारे लड़की का शव देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सचिवालय एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने बताया था कि, लड़की के चेहरे और गर्दन पर चोट के निशान थे। उन्होंने आशंका जताई थी कि हत्या के बाद शव को कहीं और से लाकर यहां फेंका गया है।



**पुलिस को मिला क्लू, CCTV फुटेज खंगाल रही:** सचिवालय एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने बताया कि, मामले में पुलिस को कुछ अहम क्लू मिले हैं, जिन पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। जांच के दौरान डायल-100 की मदद से लिंक रोड और आसपास के मुख्य मार्गों पर लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली गई है। पुलिस ने दो से चार संदिग्ध वाहनों की पहचान भी की है, जिनकी जांच जारी है।

❒ पुलिस को मिला क्लू, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

**कपड़ों से मिला मोबाइल नंबर:** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका के कपड़ों से एक मोबाइल नंबर मिला है। इसी के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। मामले में मृतका के माता-पिता का बयान भी दर्ज कर लिया गया है। 3 मई की घटना के बाद डॉग स्क्वॉड और FSL टीम को भी मौके पर बुलाया गया था। डॉग स्क्वॉड ने करीब एक किलोमीटर तक सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कुछ खास क्लू नहीं मिले थे। FSL ने भी घटनास्थल से नमूने वगैरह लिए थे। जबकि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कई नमूने जुटाए थे। फिलहाल, पुलिस हत्या के सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द खुलासे का दावा कर रही है।

# तेजस्वी यादव बिहार यात्रा से संगठन को देंगे धार

**एजेंसी, पटना**

विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी हार के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अब संगठन को नई ऊर्जा देने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए वे जल्द ही पूरे बिहार की यात्रा पर निकलने वाले हैं। इस यात्रा को आगामी चुनावों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। इस प्रस्तावित यात्रा की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल को दी गई है। यात्रा का उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रम करना नहीं बल्कि पार्टी की वास्तविक स्थिति को समझना और हर जिले में संगठन को सक्रिय करना है। सूत्रों के मुताबिक, यात्रा के दौरान तेजस्वी हर जिले में कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे, स्थानीय मुद्दों को सुनेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति तय करेंगे।

**यात्रा से पहले पटना में बड़ी बैठक:** बिहार यात्रा पर निकलने से पहले पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में पार्टी के संगठन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी और जमीनी कार्यकर्ता शामिल होंगे। खास तौर पर उन नेताओं को बुलाया जाएगा जो चुनाव लड़े, लेकिन जीत नहीं पाए। साथ ही वे कार्यकर्ता भी शामिल होंगे जो लगातार संगठन के विस्तार में सक्रिय रहे हैं।



**हर जिले का फीडबैक लेकर बनेगी रणनीति:** इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हर जिले से फीडबैक लेना है। तेजस्वी यादव यह जानना चाहते हैं कि किन जिलों में पार्टी कमजोर है और किन क्षेत्रों में संगठन मजबूत है। बैठक के दौरान यह भी चर्चा होगी कि जिन जिलों में पार्टी की स्थिति कमजोर है, वहां संगठन को कैसे मजबूत किया जाए और किन नई रणनीतियों को अपनाया जाए।

**एक सप्ताह तक चलेगा मंथन:** माना जा रहा है कि यह बैठक चरणबद्ध तरीके से होगी और करीब एक सप्ताह तक अलग-अलग जिलों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया जाएगा। इस मंथन के जरिए पार्टी जमीनी हकीकत को समझने के साथ-साथ भविष्य की राजनीतिक रणनीति भी तय करेगी।

❒ पटना से निकलकर सभी जिले में पहुंचेगा 'मिशन 2026', हर जिले के कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक


**अगस्त में शुरू हो सकती है बिहार यात्रा:** फीडबैक प्रक्रिया पूरी होने के बाद संभावना है कि अगस्त के दूसरे सप्ताह से तेजस्वी यादव अपनी बिहार यात्रा की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा सिर्फ संगठनात्मक नहीं बल्कि राजनीतिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण होगी। इसके जरिए पार्टी जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश करेगी।

**चुनावी हार के बाद संगठन को पुनर्जीवित करने की कोशिश:** विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल अब संगठन को फिर से खड़ा करने में जुट गई है। तेजस्वी यादव की यह पहल पार्टी के लिए नई शुरुआत मानी जा रही है, जहां पुराने अनुभव और नई रणनीति के साथ आगे बढ़ने की तैयारी है।

## जेपी गंगा पथ पर नहीं लगेगी फैब्रिकेटेड दुकानें, स्ट्रीट वेंडर्स 'दीघा वेंडिंग जोन' में होंगे शिफ्ट

**एजेंसी, पटना**

पटना के जेपी गंगा पथ पर पर स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करने की योजना में बड़ा बदलाव किया गया है। अब गंगा किनारे फैब्रिकेटेड दुकानों को बसाने की बजाय सभी स्ट्रीट वेंडर्स को 'दीघा वेंडिंग जोन' में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं, गंगा पथ को 'मुख्यमंत्री समग्र उद्यान योजना' के तहत एक बड़ा ग्रीन कॉरिडोर और पार्क के रूप में ही विकसित किया जाएगा। इसके लिए दीघा वेंडिंग जोन का निर्माण किया जा रहा है। 15 मई तक यहां दुकानदारों को शिफ्ट कर दिया जाएगा। वहीं, पटना स्मार्ट सिटी की परियोजना के तहत 50 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है।




करीब 1.93 एकड़ में विकसित हो रहे इस वेंडिंग जोन में इंटरटेनमेंट जोन, ऐम्फीथिएटर, किड्स जोन, पार्किंग, शौचालय, पेयजल, हाई-मास्ट लाइट और सेल्फी पॉइंट जैसी सुविधाएं होंगी। पहले चरण में पीसीसी सड़क और पेवर ब्लॉक बनाकर दुकानदारों को जगह आवंटित की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में पूरे क्षेत्र को आधुनिक फूड और एंटरटेनमेंट हब के रूप में विकसित किया जाएगा। दरअसल, गंगा पथ पर 50 में दुकानों को 2 महीने के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। बीते दिनों मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी यहां निरीक्षण करने पहुंचे थे। उनके द्वारा कहा गया कि इन सभी दुकानों को गंगा पथ से हटाया जाए। गंगा किनारे एक भी दुकान नहीं लगेगी, बल्कि उस पूरे एरिया को गार्डन के तौर पर विकसित किया जाएगा। वॉकिंग पाथवे बनाए जाएंगे, ताकि लोग आनंद ले सकें।

## अब मंगलवार से दर्शक कर सकेंगे जानवरों का दीदार

**एजेंसी, पटना**

पटना जू आज यानी रविवार और सोमवार को दो दिन के लिए बंद रहेगा। दरअसल, शुक्रवार को तेज बारिश के कारण पटना जू में 30 से अधिक पेड़ गिर गए थे। इस वजह से शनिवार को पटना जू को विजिटर्स के लिए बंद किया गया था। इन गिरे पेड़ों को हटाने का काम शुरू किया गया, लेकिन काम में अधिक समय लगने के कारण चीजों को व्यवस्थित करने में अभी समय लगेगा। इसलिए रविवार को भी पटना जू बंद रखा गया है। सोमवार को साप्ताहिक बंदी होती है। इस करण अब विजिटर्स मंगलवार से ही पटना जू में जा सकते हैं। पेड़ गिरने की वजह से 52 साल में पहली बार पटना जू को बंद किया गया है। भीषण आंधी और बारिश के बाद पटना जू परिसर में गिरे दर्जनों पेड़ों को हटाने का काम रविवार को भी जारी रहेगा। तेज हवाओं के कारण चिड़ियाघर की कई सड़कें बाधित हो गई थीं, जिससे पूरे परिसर

♦ बारिश के कारण गिरा था पेड़



में आवागमन प्रभावित हो चुका है। पटना जू के निदेशक हेमंत पाटिल ने बताया कि, 'परिसर के अलग-अलग हिस्सों में कई बड़े पेड़ गिर गए हैं। इन्हें हटाने के लिए हाइड्रा और जेसीबी मशीनों की मदद ली जा रही है। सफाई अभियान में 200 से अधिक कर्मचारियों को लगाया गया है।'

# मेट्रो का पहला इंटरचेंज स्टेशन अगस्त में होगा शुरू

**एजेंसी, पटना**

पटना मेट्रो जल्द ही शहर के पांच स्टेशनों पर दौड़ती नजर आएगी। CMRS (कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी) के निरीक्षण के बाद अब सिर्फ अंतिम हरी झंडी का इंतजार है। इसी बीच खेमनीचक और मलाही पकड़ी के बीच बनने वाला पटना मेट्रो का पहला इंटरचेंज स्टेशन तेजी से तैयार किया जा रहा है। हालांकि, शुरुआती संचालन के दौरान यहां मेट्रो का ठहराव नहीं होगा। अधिकारियों के मुताबिक, अगस्त तक स्टेशन का निर्माण पूरा होने की संभावना है। इसके बाद यह स्टेशन पटना मेट्रो के दोनों प्रमुख कॉरिडोर को आपस में जोड़ने का काम करेगा।



**कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 रूट की ट्रेनें मिलेंगी:** खेमनीचक एलिवेटेड स्टेशन को एक्सचेंज स्टेशन बनाया जा रहा है। यहां से कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 दोनों तरफ जाने वाली रूट की मेट्रो मिलेगी। कॉरिडोर-1 की मेट्रो सेवा जगनपुरा, मीठापुर और पटना जंक्शन तक जाएगी। कॉरिडोर-2 की ट्रेनें मलाही पकड़ी, राजेंद्रनगर, पीएमसीएच और गांधी मैदान होते हुए पटना जंक्शन तक पहुंचेंगी। इससे शहर के पूर्वी, मध्य और पश्चिमी हिस्सों के बीच सीधा कनेक्टिविटी मिलेगी।

**कॉरिडोर- 1 में 60% काम पूरा:** इसी कारण दोनों दिशाओं से आने वाली ट्रेनों के लिए अलग-अलग प्लेटफार्म और कॉनकोर्स एरिया बनाया जा रहा है। इसमें कॉरिडोर-2 का प्लेटफॉर्म चालू है। ट्रायल रन के दौरान यहां से मेट्रो गुजर भी चुकी है। इसके अलावा कॉनकोर्स एरिया का निर्माण पूरा कर लिया गया है और फिनिशिंग का काम जारी है। वहीं, कॉरिडोर-1 के प्लेटफार्म और कॉनकोर्स एरिया का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है।

**यात्रियों के लिए 5 लिफ्ट, 6 एस्केलेटर लगेगा:** इस स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए 5 लिफ्ट और 6 एस्केलेटर लगा जाएंगे। इस स्टेशन पर यात्रियों के लिए दो-दो प्रवेश और निकास द्वार बन रहा है। खेमनीचक इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन दो मंजिला होगा। इस कारण यात्रियों को ट्रेन की सवारी करने के लिए दो जगहों पर लिफ्ट और एस्केलेटर का इस्तेमाल करना होगा। जमीन से टिकट एरिया (कॉनकोर्स एरिया) में जाने के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर का इस्तेमाल करेंगे। वहीं, टिकट लेने के बाद यात्री ट्रेन की सवारी करने के लिए पुनः टिकट एरिया से लिफ्ट और एस्केलेटर का इस्तेमाल कर प्लेटफार्म पर जाएंगे।

❒ खेमनीचक एलिवेटेड स्टेशन पर दो कॉरिडोर जुड़ेंगे, पूर्वी-पश्चिमी हिस्से के बीच मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

## संक्षिप्त समाचार

### तीसरे दिन भी शांतिपूर्ण रही स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा

**बीएनएम @ मोतिहारी**। बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित स्नातक (सी.बी.सी.एस.) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024–28 की परीक्षा के तीसरे दिन रविवार को मुंशी सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। महाविद्यालय को एल.एन.डी कॉलेज तथा मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। रविवार को प्रथम पाली में मेजर ग्रुप-ए के अंतर्गत रसायन शास्त्र, दर्शनशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास, गृह विज्ञान, अंग्रेजी एवं राजनीति विज्ञान विषयों की परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें कुल 740 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में मेजर ग्रुप-बी के अंतर्गत बॉटनी, उर्दू, अर्थशास्त्र एवं भूगोल विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 1039 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र पर पूरी परीक्षा अनुशासित, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा की शुचिता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम.एन. हक़ एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

### पकड़ीदयाल के धनौजी चौक के पास स्कॉर्पियो-बाइक की टक्कर में एक की मौत एक घायल



**बीएनएम @ पकड़ीदयाल**। मोतिहारी के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र में भारतमाला सड़क पर एक सड़क दुर्घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा धनौजी चौक के समीप एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर के कारण हुआ। मृतक की पहचान डुबरवाना गांव निवासी अवधेश तिवारी के पुत्र आदित्य तिवारी के रूप में हुई है। बताया गया कि आदित्य अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। धनौजी चौक के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। इस हादसे में आदित्य तिवारी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पकड़ीदयाल थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। मृतक आदित्य तिवारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया गया है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए भारतमाला सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। थानाअध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### पताही प्रखंड क्षेत्र में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, 11 वर्षीय अभिषेक ने मां को भेंट किया अनोखा उपहार



**बीएनएम @ पताही**। प्रखंड क्षेत्र में रविवार को मातृ दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपनी मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जगह-जगह बच्चों एवं युवाओं ने अपनी मां को उपहार देकर उनके प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के जिहुली पंचायत निवासी 11 वर्षीय अभिषेक राज ने मातृ दिवस को यादगार बना दिया। अभिषेक ने अपनी मां की तस्वीर स्वयं बनाकर उन्हें भेंट की। बेटे के हाथों से बना यह खास उपहार पाकर मां भावुक हो उठीं और अपने बेटे को गले लगाकर आशीर्वाद दिया। अभिषेक ने बताया कि मां हमारे जीवन की सबसे बड़ी ताकत होती हैं। मां के प्यार, त्याग और संस्कार का कोई मूल्य नहीं लगाया जा सकता। मातृ दिवस के अवसर पर उन्होंने अपनी मां को कुछ अलग और खास देने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने अभिषेक की इस सोच और प्रतिभा की जमकर सराहना की। लोगों ने कहा कि आज के दौर में जहां बच्चे मोबाइल और इंटरनेट में व्यस्त रहते हैं, वहीं अभिषेक द्वारा अपनी मां के लिए स्वयं तस्वीर बनाकर उपहार देना समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश है। मातृ दिवस के अवसर पर क्षेत्र के कई विद्यालयों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां मां के महत्व पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है और उनके संस्कार ही समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने मां के सम्मान और सेवा का संकल्प लिया तथा मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# पतंजलि योग समिति का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

» योग से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। पतंजलि योग समिति, मोतिहारी के योग साधकों के सौजन्य से शहर के राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी ऑडिटोरियम में रविवार को "कार्यकर्ता सम्मेलन" का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे हजारों योग साधकों एवं साधिकाओं ने उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम पूरे दिन योग, संगठन और राष्ट्र निर्माण के संदेशों से ओत-प्रोत रहा। समारोह का शुभारंभ स्वागत गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर पश्चिम चंपारण की योग साधक बच्चियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पतंजलि योग समिति, बिहार राज्य के वरिष्ठ राज्य प्रभारी अजीत कुमार ने बिहार में योग के क्षेत्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं हरिद्वार से पधारे पतंजलि योग समिति के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश कुमार ने देश-विदेश में योग के बढ़ते प्रभाव तथा योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के संकल्पों और विचारों को विस्तारपूर्वक रखा। कार्यक्रम के दौरान स्वामी रामदेव महाराज ऑनलाइन माध्यम से ऑडिटोरियम के स्क्रीन पर उपस्थित हुए और उन्होंने सभी योग साधकों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने योग के प्रचार-प्रसार तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उप महापौर लाल बाबू प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री हरि साहनी ने अपने विचार रखे। साथ ही मोतिहारी के वर्तमान विधायक ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योग को समाज और राष्ट्र के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राज्य प्रभारी चंद्रेश्वरी प्रसाद, भूतेश्वर सिंह, सुधीर कुमार सहित कई कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। सम्मेलन के मुख्य संयोजक एवं समन्वयक के रूप में जिला प्रभारी वेद प्रकाश ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन मुजफ्फरपुर के जिला प्रभारी राजीव कुमार एवं बेतिया के कृष्ण मोहन प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर महिला प्रभारी किरण जी, युवा प्रभारी शशि सिंह, संजय सिंह तथा अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे। अंत में वरिष्ठ राज्य प्रभारी अजीत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मोतिहारी स्टेशन पर मानव तस्करी की आशंका, 21 नाबालिग बच्चे रेस्क्यू

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन के पास मानव तस्करी की आशंका पर आरपीएफ और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया है। इस दौरान बच्चों को लेकर जा रहे एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने जांच तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना मिली थी कि कुछ नाबालिग बच्चों को ट्रेन के माध्यम से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर आरपीएफ और जीआरपी ने तत्काल संयुक्त अभियान चलाया। इसी दौरान मोतिहारी स्टेशन के पास संदिग्ध परिस्थिति में बच्चों के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान रांची निवासी फोनेसिस क्रिसपोटा के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि सभी बच्चे उसके यहां रहकर पढ़ाई करते हैं और वह उन्हें भागलपुर ले जा रहा था। हालांकि जांच के दौरान बच्चों के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया। बच्चों से पूछताछ में यह भी सामने आया कि उन्हें मोतिहारी के चांदमारी स्थित एक हॉस्टल में रखा गया था और पढ़ाई के नाम पर यहां लाया गया था। सभी बच्चे आदिवासी समुदाय से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस खुलासे के बाद पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम और अधिक सतर्क हो गई है। रेस्क्यू किए गए सभी बच्चों को आवश्यक प्रक्रिया के तहत चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंप दिया गया है, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। आरपीएफ ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जीआरपी प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि कार्रवाई चाइल्ड हेल्पलाइन की शिकायत पर की गई। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है और अब यह जांच की जा रही है कि बच्चों को किस उद्देश्य से ले जाया जा रहा था।

## चितवन में सनातनी परंपरा का अद्भुत उदाहरण, पेड़ काटने से पहले हुई विधिवत पूजा-अर्चना

बीएनएम @ रक्सौल/बीरगंज



**रक्सौल/बीरगंज**। नेपाल के चितवन जिले में सनातन परंपरा और प्रकृति सम्मान का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। देवघाट सड़क निर्माण कार्य के दौरान बीच रास्ते में पड़ रहे एक वृक्ष को हटाने से पूर्व प्रशासन द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और क्षमायाचना की गई। इस प्रेरणादायी पहल की आम लोगों ने जमकर सराहना की। जानकारी के अनुसार, जिला प्रमुख अधिकारी गणेश अर्याल की उपस्थिति में पेड़ काटने से पहले पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कराया गया। वृक्ष पर रोली-मोली, पुष्प अर्पित किए गए तथा नारियल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद वृक्ष से क्षमायाचना करते हुए आरी से कटाई का कार्य शुरू किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी, संचारकर्मी, सैनिक, प्रहरी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और विकास कार्यों के दौरान भी प्रकृति के प्रति सम्मान बनाए रखना भारतीय और सनातनी संस्कृति की पहचान है। बताया गया कि देश की आधारभूत संरचना के तीव्र विकास के लिए सड़क के बीच में पड़ रहे वृक्ष को हटाना आवश्यक था, लेकिन प्रशासन ने पर्यावरण और प्रकृति के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए पहले धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन किया। इस मौके पर लोगों ने कहा कि इस तरह की पहल समाज को यह संदेश देती है कि जीवन में हर जीव और प्रकृति का सम्मान होना चाहिए। कार्यक्रम के बाद यह पहल सोशल मीडिया और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही।

## पिकअप से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे दो मवेशी जप्त, चालक गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी/हरसिद्धि



**मोतिहारी/हरसिद्धि**। थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष गश्ती अभियान के दौरान पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मवेशियों को जप्त किया है। इस दौरान मवेशियों से लदी एक पिकअप वाहन को भी जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान राजेश सिंह, पिता बृजनंदन सिंह, निवासी लाल परसा थाना सुगौली, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने जिस पिकअप वाहन को जब्त किया है उसका रजिस्ट्रेशन नंबर BR 22 GA 7532 बताया गया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि नियमित गश्ती के दौरान संदिग्ध स्थिति में जा रही पिकअप को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन पर अवैध रूप से मवेशियों को ले जाया जाना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मवेशियों समेत वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि मामले में पशु तस्करों की पहचान कर ली गई है तथा उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में पशु तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इस अवैध धंधे में शामिल लोगों पर पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद पशु तस्करों में हड़कंप मच गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए ऐसे अवैध कारोबार पर लगातार सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पति के साथ मिलकर प्रेमिका ने कराई थी प्रेमी की हत्या, हरसिद्धि पुलिस ने महज दो घंटे में किया खुलासा

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी**। हरसिद्धि थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध मौत मामले का पुलिस ने तेजी से खुलासा करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। अरेराज एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रेम प्रसंग में प्रेमिका ने अपने पति और सहयोगियों के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या कराई थी। हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। घटना हरसिद्धि थाना अंतर्गत मठ लोहियार छतवनिया टोला वार्ड संख्या-7 की है। मृतक की पहचान 26 वर्षीय अजय पटेल, पिता ध्रुव पटेल के रूप में हुई है। शनिवार सुबह उसका शव नहर किनारे फूस के घर में फंदे से लटका मिला था। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हरसिद्धि थाना पुलिस, अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी, एफएसएल टीम तथा स्वान दस्ता मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की गई। पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से जांच करते हुए महज दो घंटे के भीतर पूरे मामले का खुलासा कर दिया। अनुसंधान में सामने आया कि मृतक अजय पटेल का गांव की ही महिला तब्बू खातून से प्रेम संबंध था। इसी बात को लेकर तब्बू खातून ने अपने पति असलम मियां और उसके सहयोगियों के साथ मिलकर अजय पटेल की हत्या कर दी। इसके बाद साक्ष्य छिपाने और घटना को आत्महत्या साबित करने के उद्देश्य से शव को गले में फंदा लगाकर टांग दिया गया। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से कई अहम सुराग मिले। आरोपियों ने घर में गिरे खून के धब्बों को मिटाने के लिए मिट्टी डाल दी थी। एफएसएल टीम ने मौके से रक्त के नमूने और अन्य साक्ष्य जुटाए। वहीं हत्या के बाद शव लटकाने में इस्तेमाल रस्सी का कुछ हिस्सा आरोपी असलम मियां के घर से बरामद किया गया। मृतक की मां के आवेदन पर हरसिद्धि थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में पुलिस ने तब्बू खातून को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस ने घटनास्थल से रस्सी का हिस्सा, एक स्मार्ट मोबाइल फोन, एक जोड़ी चप्पल तथा एक उस्तरा बरामद किया है। छापेमारी टीम में अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी, हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार, पर्यवेक्षी पदाधिकारी अजय कुमार, पुअनि नेहा वर्षा, अपर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, अविनाश कुमार, सेराज अहमद सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## ई-रिक्शा से 59 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

बीएनएम @अरेराज



**अरेराज**। शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। संग्रामपुर थानाध्यक्ष अनूप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक ई-रिक्शा से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से एक अभियुक्त को भी हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी कि ई-रिक्शा के माध्यम से शराब की एक बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अनूप कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। जांच के दौरान जब संदिग्ध ई-रिक्शा को रोककर उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें से कुल 59 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत शराब को जब्त कर लिया और ई-रिक्शा चालक सह तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अनूप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस की पैनी नजर हर संदिग्ध गतिविधि पर बनी हुई है।

## सहयोग शिविर अभियान के तहत ढाका राजस्व न्यायालय का निरीक्षण, तीन माह में पुराने मामलों के निष्पादन का लक्ष्य

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे "सहयोग शिविर" अभियान के तहत जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों का लगातार निरीक्षण एवं समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को भूमि सुधार उपसमाहर्ता, ढाका के न्यायालय का निरीक्षण कर लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। उक्त निरीक्षण के दौरान न्यायालय में लंबित पुराने मामलों, उनके निष्पादन की प्रगति, अभिलेख संधारण तथा सुनवाई प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया गया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए नियमित सुनवाई सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक रूप से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त करें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि "सहयोग शिविर" अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कर आम नागरिकों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में आगामी तीन माह के भीतर सभी पुराने लंबित मामलों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशासन की ओर से यह भी निर्देश दिया गया कि सभी न्यायालय पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

## अंतिम चरण में है भारतमाला परियोजना चोरमा-बैरगनिया सड़क निर्माण

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। भारतमाला परियोजना के तहत चोरमा-बैरगनिया खंड में निर्माणाधीन सड़क परियोजना का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। परियोजना के अधिकांश सिविल एवं संरचनात्मक कार्य पूरे कर लिए गए हैं, जबकि शेष कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। यह सड़क उत्तर बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों को राष्ट्रीय सड़क नेटवर्क से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में विकसित की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत सड़क चौड़ीकरण, उच्च स्तरीय पथ निर्माण, पुल-पुलियों का निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, सर्विस रोड, सड़क सुरक्षा संरचनाएं तथा यातायात संकेतकों की स्थापना की जा रही है। निर्माण कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है, ताकि सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित हो सके। चोरमा से बैरगनिया तक विकसित हो रहा यह कॉरिडोर पूर्वी चम्पारण एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। परियोजना पूरी होने के बाद ढाका, शिवहर, सीतामढ़ी तथा नेपाल सीमा से जुड़े क्षेत्रों के बीच संपर्क और अधिक मजबूत होगा। साथ ही भारी वाहनों की आवाजाही सुगम होने से माल परिवहन लागत और यात्रा समय में कमी आने की संभावना है। परियोजना के तहत विभिन्न स्थानों पर क्रैश बैरियर, साइनज, रोड मार्किंग, डिवाइडर एवं अन्य सड़क सुरक्षा अवसंरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। कई हिस्सों में बिटुमिनस कार्य, पुल संरचना एवं एप्रोच रोड का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष हिस्सों में फिनिशिंग और उपयोगिता संबंधी कार्य जारी हैं। परियोजना के पूर्ण होने से सीमावर्ती क्षेत्रों में आवागमन क्षमता बढ़ेगी तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी। भारतमाला परियोजना का यह खंड राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# चोरी की केटीएम बाइक से शराब तस्करी, रोकने गए एसआई को मारी टक्कर

» टक्कर से डुमरियाघाट पहल पोस्ट प्रभारी गंभीर रूप से जख्मी
» डुमरियाघाट में पुलिस पर हमला जैसा मामला, 45 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बीएनएम @ डुमरियाघाट




**डुमरियाघाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह शराब तस्करों को पकड़ने के दौरान पुलिस टीम पर हमला जैसा सनसनीखेज मामला सामने आया। चोरी की बाइक से शराब की खेप लेकर भाग रहे दो तस्करों को पकड़ने के लिए नाकेबंदी कर रहे एसआई को तस्करों ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे चेक पोस्ट प्रभारी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी अधिकारी को प्राथमिक उपचार के बाद मोतिहारी रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, डुमरियाघाट पुल के समीप थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेंद्र पुलिस बल के साथ सड़क पर लगे जाम को हटवा रहे थे। इसी दौरान गोपालगंज की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक केटीएम बाइक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन बाइक सवार पुलिस को चकमा देकर तेजी से भाग निकले। बाइक सवारों के दुर्घटनाग्रस्त होने और तस्करी की आशंका को देखते हुए थानाध्यक्ष ने तत्काल सरोतर पहल चेक पोस्ट प्रभारी एसआई मनीष कुमार सिंह को सूचना देकर आगे नाकेबंदी करने का निर्देश दिया। सूचना मिलते ही एसआई मनीष कुमार ने सड़क पर ट्रैक्टर लगवाकर रास्ता अवरुद्ध कराना शुरू किया। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में पहुंचे तस्करों ने बाइक से सीधे एसआई मनीष कुमार में ठोकर मार दी। जोरदार टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पीछे से पहुंची पुलिस टीम ने जख्मी अधिकारी को तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मझौलिया झापहाँ गांव निवासी महादेव भगत के 27 वर्षीय पुत्र राजा कुमार तथा रामकिशोर राय के 21 वर्षीय पुत्र राजा बाबू के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेंद्र ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों के पास से एक चोरी की केटीएम 200 ड्यूक बाइक (रजिस्ट्रेशन नंबर HR 98 K 9846) और 45.20 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। इधर जख्मी एसआई मनीष कुमार सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बिहार-यूपी सीमा के गंडक पार स्थित धनहा थाना क्षेत्र के पास दर्दनाक हादसा

# बरवा पुल से बांसी नदी में गिरा युवक, डूबने से मौत

» धनहा पुलिस ने पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा शव
» साइकिल से लौटने के दौरान बरवा पुराना पुल पर गड़ाबि संतुलन

बीएनएम @ बगहा



**बगहाः** बगहा पुलिस जिला के गंडक पार स्थित धनहा थाना क्षेत्र के बिहार - यूपी की सीमा बरवा पुराने पुल पर शनिवार की शाम करीब 7 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। पुल से नीचे नदी में गिरने के बाद डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बरवा गांव निवासी मोहन चौहान के रूप में हुई है। परिजनों व ग्रामीणों के अनुसार, मोहन चौहान साइकिल से उत्तर प्रदेश की ओर से लौट रहे थे। वे ताड़ी छेने का काम करते थे। बरवा पुराना पुल पर अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे पुल से नीचे नदी में जा गिरे। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, तब तक वे पानी में डूब चुके थे। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए काफी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला और तत्काल धनहा थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार की सुबह जैसे ही शव गांव पहुंचा, पूरे इलाके में शोक और मायूसी का माहौल छा गया। मृतक के घर पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मोहन चौहान के चार बेटे हैं। वे अलग रहकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मृतक के पिता मोतीलाल चौहान ने बताया कि मोहन ही घर के इकलौते कमाने वाले थे। उनके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। धनहा थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार शाम लगभग 7 बजे मोहन चौहान साइकिल से यूपी की ओर से आ रहे थे। बरवा पुल पर अचानक उनका बैलेंस बिगड़ गया, जिससे वे सीधे नीचे नदी में गिर पड़े। पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# गौतमबुद्ध सेतू धनहा में लगीं स्ट्रीट लाइट वर्षों से खराब, स्ट्रीट लाइट को ठीक करने की उठी मांग

स्ट्रीट लाइट खराब होने से बढ़ी दुर्घटना की समस्या, विभाग बना मौन

बीएनएम @ बगहा

**बगहाः** जिला मुख्यालय बेतिया और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले धनहा गौतम बुद्ध सेतु पुल को रात में रोशनी से जगमग करने के लिए लगाई गई स्ट्रीट लाइट कई वषों से खराब हो गया है। जिसके कारण धनहा गौतम बुद्ध सेतु पुल अंधेरे में डूबा हुआ है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। स्थानीय लोग एवं राहगीरों ने सांसद एवं विधायक से लाइट को ठीक करने के लिए अनेकों बार अवगत करा चुके है। लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता आ रहा है। धनहा गांव निवासी रामनाथ यादव, मुन्ना ओझा, नवीन यादव, हरेंद्र राव ,अमर सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि धनहा गौतम बुद्ध का निर्माण 2013 में हुआ था। जिसका उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 26 नवंबर 2013 को धनहा पहुंचकर किए थे। उसी समय गौतम बुद्ध सेतु पुल को रोशनी से जगमग करने के लिए स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। लेकिन स्ट्रीट लाइट 1 से 2 वर्षों तक पुल को रोशनी से जगमग रखा। उसके बाद से देख रेख एवं रख रखाव के अभाव में धीरे-धीरे खराब हो गया। लोगों की लाख शिकायत के बाद भी दुबारा लाइट को जलाने की व्यवस्था नहीं की गई। स्ट्रीट लाइट लगाने की व्यवस्था बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को दिया गया था। विभाग के तरफ से गौतम बुद्ध सेतु के 42 नंबर पिलर के समीप एक भवन का निर्माण कराया गया है। जिसके ऊपर लाइट उपलब्ध कराने के लिए सोलर की व्यवस्था की गई थी। जिसकी देखरेख के लिए एक गार्ड की नियुक्ति भी की गई थी। लेकिन जब गार्ड को विभाग के तरफ से मानदेय नहीं दिया गया तो गार्ड भी देखने का कार्य छोड़कर चला गया। इसके बाद लाइट पूरी तरह से बंद हो गई। स्थानीय लोगों ने सांसद एवं विधायक से गौतम बुद्ध सेतु पुल पर लगे सोलर लाइट को फिर से चालू करने की मांग किया है। ताकि रात के अंधेरे में गौतम बुद्ध सेतू लाइट से जगमग रहे।

# बगहा पुलिस ने चोरी की सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद की, चार आरोपी गिरफ्तार

बीएनएम @ बगहा



**बगहा।** बगहा थाना क्षेत्र में चोरी की गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई बाइक के साथ एक अन्य हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 08 मई 2026 की रात अज्ञात अपराधियों द्वारा एक हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल की चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में बगहा थाना कांड संख्या-157/26 दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम द्वारा लगातार छापेमारी एवं तकनीकी अनुसंधान किया जा रहा था। इसी क्रम में 09 मई 2026 की रात करीब 12 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बगहा-अमडर चौक वार्ड संख्या-16 क्षेत्र में चोरी की गई एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल पर तीन अपराधी सवार होकर घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ एवं उनके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पुलिस ने चोरी की गई हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। मामले में कुल चार आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल कुमार (20 वर्ष), पिता प्रह्लाद सहनी, रवि कुमार (18 वर्ष), पिता जावेद मंसूरी, रंजन कुमार (21 वर्ष), पिता गोरे साह तथा अनुज कुमार (18 वर्ष), पिता गोपाल साह के रूप में हुई है। सभी आरोपी थाना बगहा, जिला पश्चिम चंपारण के निवासी बताए गए हैं। बगहा पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बाइक चोरी के मामलों में गिरफ्तार किए गए अधिकांश युवक नशे के आदी हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल पुलिस के लिए ही नहीं, बल्कि समाज और आम जनता के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। नशे की लत युवाओं को अपराध की ओर धकेल रही है, जिसे रोकने के लिए समाज और पुलिस दोनों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# मां सिर्फ जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि अच्छी मित्र : पंडित भरत उपाध्याय



बीएनएम @ बगहा

**बगहाः** गंडक पार स्थित हरदेव प्रसाद इन्टरमीडिएट कांलेज मधुबनी के पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय ने मदर डे पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मां सम्पूर्ण संस्कारों की पाठशाला होती है। मां सिर्फ जन्मदात्री ही नहीं होती, मां सबसे अच्छी मित्र भी होती है, और सबसे पहली गुरु भी। कहा कि किसी भी बच्चे को 6 साल की उम्र तक जीवन का 90 प्रतिशत ज्ञान अर्जित हो जाता है। वह ज्ञान तो अधिकांशतः मां ही देती है ।सभी गुरुओं में माता सर्वश्रेष्ठ गुरु है। माता रूपी इस गुरु की महिमा यह भी है कि वह गोविंद भी दिखाती है और दूसरों के अंदर बसे मातृभाव से परिचय भी कराती है।मदर डे का मतलब है अपनी मां के पास बैठिए और बिना मां के बोले आप खुद एहसास कीजिए और समझने की कोशिश कीजिए कि हमारी मां को क्या अच्छा लगता हैं और क्या बुरा लगता है। पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय ने कहा कि दूसरों की मां के लिए भी कुछ ऐसा कीजिए कि वह सोचे की कास मेरा भी बेटा ऐसा होता।मां के हाथों से या मां के नाम पर भी कुछ सेवा और धर्म का कार्य करना भी मदर डे जैसा है।

# नंदकिशोर राम के मंत्री बनने पर विकास मित्रों में खुशी की लहर

बीएनएम @ बगहा



**बगहाः** रामनगर विधायक नंद किशोर राम को डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग का मंत्री बनाए जाने की खुशी में शनिवार की शाम प्रखंड बगहा-1 कार्यालय परिसर में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर प्रखंड बगहा-1 के विकास मित्रों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार समेत सभी कर्मियों को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाई और एक-दूसरे को बधाई दी।समाचार के मुताबिक रामनगर विधायक सह कैबिनेट मंत्री नंद किशोर राम के छोटे भाई महेंद्र किशोर राम की पत्नी अंजू कुमारी प्रखंड बगहा-1 अंतर्गत विकास मित्र के पद पर कार्यरत हैं।वही मंत्री नंदकिशोर राम के छोटे भाई महेंद्र किशोर राम और उनकी पत्नी(विकास मित्र) अंजू कुमारी ने बीडीओ प्रदीप कुमार को सयुक्त रूप से गुलदस्ता और गुलाल लगाकर बधाई दी। इस मौके पर बीडीओ प्रदीप कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि का डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री पद तक पहुंचना पूरे इलाके के लिए सम्मान और गर्व की बात है। इस अवसर पर विकास मित्र योगिंद्र राम, बिंदु कुमारी, इंदु देवी, ममता कुमारी, राधिका देवी, शोभा कुमारी, संगीता आर्या, रोहित राम, कलावती कुमारी, ललन राम, अरविंद कुमार, रूना कुमारी सहित अन्य प्रखंड कर्मी मौजूद रहे।

# किसानों ने निकाला मार्च, फसल नुकसान के मुआवजे की मांग

बीएनएम @बेतिया



**बेतियाः** बेतिया ऐतिहासिक 1857 विद्रोह दिवस और अखिल भारतीय किसान महासभा के स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को किसानों ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में स्टेशन परिसर से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला। इसके बाद आयोजित सभा में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया गया। सभा को संबोधित करते हुए किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव ने कहा कि सरकारें कॉरपोरेट घरानों के हित में किसानों की बहुफसली कृषि भूमि का जबरन अधिग्रहण कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नौतन और बैरिया क्षेत्र में गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे के लिए किसानों की जमीन बिना उचित मुआवजे के ली जा रही है। उन्होंने एक्सप्रेस-वे के एलाइनमेंट में बदलाव की मांग की। किसान नेता सुजायत अंसारी और रिखी साह ने पैक्स द्वारा कागजों में धान खरीद का आरोप लगाते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। गन्ना किसान महासभा के जिला अध्यक्ष संजय यादव ने गन्ना मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग उठाई। वहीं किसान नेता भरत शर्मा ने असमय बारिश से मक्का, सब्जी और आम की फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर प्रति एकड़ डेढ़ लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। कार्यक्रम में किशोरी साह, हेवांचल महतो, लक्ष्मण राम, अच्छेलाल राम, बिनोद कुशवाहा सहित कई किसान नेता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुशासन का राज कायम करना प्राथमिकता है : डा प्रमोद

**बीएनएम @ मुजफ्फरपुर।** बिहार सरकार में खान एवं भूतत्व और कला-संस्कृति विभाग के मंत्री डा प्रमोद चंद्रवंशी आज रविवार को बाबा गरीबनाथ मंदिर में पहुंचे।इस दौरान मंदिर में दर्शन पूजन और पूजा-अराधना भी किया है। मंत्री ने कहा कि बाबा की कृपा से हम मंत्री बने हैं और राज्य के लिए काम करना और सुशासन का राज कायम करना प्राथमिकता है।मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि अवैध खनन करने वाले बिहार छोड़ दे नहीं तो करवाई करने में देर नहीं लगेगी।मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा अपराध और अपराधी के लिए बिहार में कोई जगह नहीं है और अब न पैसा काम आयेंगे और न ही किसी की पैरवी यह सम्राट चौधरी की सरकार है ।

### स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के तहत राय बिंदेशवरी घाट पर सफाई

**बीएनएम @ गयाजी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्थानीय किरानी घाट रोड स्थित राय बिंदेशवरी घाट पर स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के बैनर तले स्वच्छता एवं जागरुकता अभियान चला कर स्थानीय लोगों के बीच जनजागरण तथा प्रत्येक रविवार को घंटा, दो घंटा श्रमदान कर फल्गु नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर उपस्थित अभियान समिति के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि हम गयाजीवासी विश्व प्रसिद्ध अंतसलीला , मोक्षदाहिनी फल्गु नदी को घनी आबादी के बीच प्रत्येक रविवार को श्रमदान कर साफ़ सुथरी रखने का काम निरन्तर छह रविवार से चलाया जा रहा है, जिसका परिणाम भी सामने आना शुरू हो गया है। वहीं सह संयोजक बैजू प्रसाद ने कहा की नगर निगम, स्थानीय लोगों, विभिन्न एनजीऔ ,सामाजिक संगठनों द्वारा अब फल्गु सफाई हेतु जागरुकता आई है। इस मौके पर टिंकू गिरी, अंश उपाध्याय, रवि कुमार सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, मुरारी प्रसाद, मिथिलेश तिवारी, मोहम्मद ऐहतेश्याम आदि उपस्थित थे।


### नौतन के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मदर्स डे पर लघु नाटक प्रस्तुत

**बीएनएम @ नौतन।** मातृ दिवस के अवसर पर नौतन स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भव्य मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामवती देवी ने की। सम्मेलन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा मंच के माध्यम से लघु नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें छठी मैया पर्व का दृश्य लोगों को काफी पसंद आया।विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजीत कुमार भास्कर ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक वर्ष मातृ सम्मेलन का आयोजन किया जाता है, जिसमें माता-बहनों की सक्रिय भागीदारी रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के संस्कार और पारिवारिक संबंध मजबूत होते हैं।विद्यालय निरीक्षक ललित कुमार ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से माता-बहनों को बच्चों की अच्छी शिक्षा, संस्कार और बेहतर व्यवहार के प्रति जागरूक किया जाता है।कार्यक्रम में किरण दीप आचार्य, किरण देवी, नीतू, अर्चना सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमारी देवी और रामवती देवी उपस्थित रहीं।

### सदर अस्पताल में चार दिवसीय चार दिवसीय क्लीनिकल रिफ्रेशर ट्रेनिंग शुरू


**बीएनएम @ शेखपुरा.** सदर अस्पताल लेबर रूम और एसएनसीयू विभाग के चिकित्सकों तथा स्टाफ नर्सो के लिए चार दिवसीय क्लीनिकल रिफ्रेशर ट्रेनिंग शुरू हुई। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मात्र एवं नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करना है। पिरामल स्वास्थ्य शेखपुरा द्वारा यह प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सदर अस्पताल के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर नौसाद आलम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष विभाग से डॉक्टर रोहिणी कुमारी, डॉ प्रियंका कुमारी और स्टाफ नर्स सुप्रिया कुमारी, सिंपल राय, श्रावणी कुमारी तथा प्रियंका कुमारी शामिल हुए। वही एसएनसीयू विभाग से डॉक्टर गजेंद्र कुमार, डॉक्टर सतीश चंद्र बोस और स्टाफ नर्स सुमिता कुमारी, कंचनमाला, दीपा कुमारी और सुभद्रा कुमारी ने भी प्रशिक्षण में भाग लिया।

### एगरोल खाते युवक पर चाकू से हमला, पिता-पुत्र गिरफ्तार



**बीएनएम @ शेखपुरा.** जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र के शेखोपुर बाजार में एक फास्ट फूड की दुकान पर एक रोल खाने के दौरान विवाद हो गया.।इस विभाग में बदमाशों ने अमित कुमार नामक युवक के सीने में चाकू घोंप दिया. घायल युवक शेखोपुर बाजार निवासी गणेश हलवाई का पुत्र बताया गया है. घटना के बाद घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखोपुरसराय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया। इस मामले में घायल की शिकायत पर स्थानीय थाने में एक प्राथमिक की दर्ज की गई।थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने बात कहा कि पुलिस ने इस मामले में दो नामजद अभियुक्त को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया है। मामले के तीन अन्य आरोपी अभी फरार बताए गए है।

### तैराकी प्रशिक्षण शिविर आयोजित, दस दिन चलेगा



**बीएनएम @ शेखपुराः** मॉडर्न पैंतहलों संघ के तत्वावधान में 10 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुरू किया गया है। इसमें नगर परिषद की भी सक्रिय सहभागिता है. यह सिविल 18 में तक शेखपुरा व्यायामसाला सह खेल कार्यालय स्थित ताई राखी अभ्यास स्थल पर चलेगा। इसका उद्देश्य आगामी बैठल एवं ट्राई थल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करना है. जो 31 में से 2 जून तक गुजरात में होने वाले नेशनल गेम्स से संबंधित है। शिविर का उद्घाटन शेखपुरा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार और जिला खेल पदाधिकारी सुजीत सुमन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर खेल प्रभारी राकेश कुमार और संघ के अध्यक्ष गोपाल जी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण शिविर विशेष रूप से बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया ह।

### अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का बदमाश गिरफ्तार



**बीएनएम @ शेखपुराः** शेखपुरा. करने थाना पुलिस ने रविवार को अंतर जिला बाइक चोर गिरोह के एक फरार आरोपी पवन यादव को गिरफ्तार किया है. ।गिरफ्तारी छिंदवाड़ा थाना क्षेत्र के एक राम गांव से गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में केवली गांव निवासी मिथिलेश यादव की बाइक चोरी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक राम गांव से चोरी की चार बाइक बरामद की थी उसे समय पिंकू सिंह, संतु यादव, निक्कू यादव और रवि यादव को मौके से गिरफ्तार किया गया था। इस मामले पवन यादव लगातार फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने अक्रमा गांव में छापेमारी किया और पवन यादव को उसके घर से ही दबोच लिया।

### जानलेवा हमला मामले में मुखिया का भतीजा गिरफ्तार

**बीएनएम @ शेखपुरा** करंडे थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सिझौरी गांव में छापेमारी कर जानलेवा हमले के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी बलराम कुमार उर्फ श्याम कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी चठियारा पंचायत के मुखिया मनोज यादव का भतीजा और महेश यादव का पुत्र बताया गया है।

## भारत पर गहरा असर

यूएई ने अमेरिका से डॉलर मुहैया कराने की मांग की है। कहा है कि ऐसा नहीं हुआ, तो वह चीनी मुद्रा में तेल बेचने को मजबूर हो जाएगा। ये घटना खाड़ी क्षेत्र में विकल्पों के तलाश का संकेत देती है। पश्चिम एशिया में जारी लड़ाई ने खाड़ी क्षेत्र की चूलें हिला दी हैं। ईरान के हमलों से खाड़ी देशों में जितना भौतिक नुकसान हुआ, उससे कहीं ज्यादा उनके इस भरोसे को चोट पहुंची कि अमेरिकी सुरक्षा कवच में वे महफूज हैं। इस कारण कई देश भविष्य के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसकी सबसे ताजा मिसाल अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की ये खबर है कि यूएई ने अमेरिका से वित्तीय मदद मांगी है। यूएई के सेंट्रल बैंक के गवर्नर ने अमेरिकी वाणिज्य मंत्री स्कॉट बेसेंट को बताया कि युद्ध से अर्थव्यवस्था तथा वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में यूएई की हैसियत के क्षतिग्रस्त हुई है। इससे वे निवेशक भयभीत हैं, जो कभी निश्चिंत होकर वहां निवेश करते थे। नतीजतन, यूएई के पास डॉलर की कमी हो सकती है। वैसे हालात के लिए यूएई ने अमेरिका से स्वैप लाइन के तहत डॉलर मुहैया कराने की मांग की है। साथ ही कहा है कि अमेरिका ने ऐसा नहीं किया, तो यूएई चीनी मुद्रा युवान में तेल सहित अन्य सामग्रियों की बिक्री के लिए मजबूर हो जाएगा। यूएई के इजराइल और अमेरिका गहरे रिश्ते रहे हैं। इसी कारण वह ईरानी हमलों का सबसे अधिक शिकार हुआ। उससे वो मॉडल संदिग्ध हुआ है, जिस पर यूएई खड़ा था। तो उसने अपनी दुर्दशा की परोक्ष जिम्मेदारी अमेरिका पर डाली है और उससे भरपाई करने को कहा है। उधर सऊदी अरब का यह एलान भी महत्त्वपूर्ण है कि वह अपनी भूमि, वायु क्षेत्र या समुद्री क्षेत्र का उपयोग किसी भी ऐसे युद्ध के लिए अब नहीं होने देगा, जिसमें वह शामिल नहीं है। सऊदी अरब ने अपने रक्षा समझौते तहत पाकिस्तान से लड़ाकू विमान और जमीनी फौज तैनात करने को कहा है। पाकिस्तानी सेना चीनी हथियारों और हार्डवेयर से लैस है। अतः सऊदी अरब के इस कदम के पीछे भी दूरगामी संकेत देखे गए हैं। कतर, बहरहीन और कुवैत में भी आत्म- समीक्षा के संकेत हैं। भारत के लिए ये घटनाएं खास अहम हैं। वहां के बदलाव का भारत पर गहरा असर होगा, क्योंकि वो इलाका ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है, तथा वहां लाखों भारतीय कर्मी काम करते हैं।

# तामिलनाडु के द्रविड़ राजनीति में विजय का उदय

**राज कुमार सिन्हा**



वर्तमान तमिलनाडु की राजनीति में ऐतिहासिक बदलाव आया है। दशकों से चले आ रहे द्रविड़ राजनीति के दो पार्टियां द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के वर्चस्व को पीछे छोड़ते हुए अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 107 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी जगह बनाई है। तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) पार्टी के अध्यक्ष जोसेफ विजय द्वारा सरकार बनाने के दावे को खारिज कर दिया था।जबकि टीवीके के संस्थापक जोसेफ विजय राज्यपाल अर्लेकर से दो बार मुलाकात कर सरकार बनाने का निमंत्रण देने का अनुरोध किया था। जोसेफविजय को सरकार बनाने केलिए आमंत्रित करने में राज्यपाल की देरी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई।यह सर्वविदित है कि संविधान द्वारा शासित संसदीय लोकतंत्र में, किसी राजनीतिक दल या गठबंधन को बहुमत प्राप्त है या नहीं, यह प्रश्न केवल सदन के पटल पर ही निर्धारित किया जा सकता है। दूसरी ओर डीएमके और एआईएडीएमके के बीच वार्ता और एडप्पाडी पलानीस्वामी के नेतृत्व में सरकार बनाने के प्रयासों की खबरें भी आई जो जनादेश के विरुद्ध था। तमिलनाडु में अंदरखाने राष्ट्रपति शासन लगाने की चर्चा होने लगा था। तमिलनाडु में विजय की सरकार को कांग्रेस, लेफ्ट और वीसीके ने अपना समर्थन दिया है। आईयूएमएल ने भी टीवीके को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है।तामिलनाडु में सरकार गठन के लिए 118 विधायकों का समर्थन चाहिए था जो अब 121 विधायकों का समर्थन मिल गया है। इसके बाद टीवीके की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस चुनाव में विजय ने दो विधानसभा सीटों से जीत हासिल की है। हालांकि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनी लेकिन उसके बाद भी सरकार बनाने को लेकर जोसेफ विजय को काफी दिक्कतें आई हैं। हालांकि, मुश्किलों को हल करने में राहुल गांधी की भूमिका काफी अहम रही है। तमिलनाडु में टीवीके चीफ विजय रविवार को राज्य के 9 वें मुख्यमंत्री पद की शपथ लिया है।इनके साथ नौ लोगों ने मंत्री पद का शपथ लिया है।जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके का उदय तमिलनाडु की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। यह केवल एक फिल्म अभिनेता के राजनीति में आने की घटना नहीं है, बल्कि राज्य की बदलती सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों, युवाओं की अपेक्षाओं और द्रविड़ राजनीति के भीतर उभरते खाली स्थान का परिणाम भी है।विजय तमिल सिनेमा के सबसे लोकप्रिय सितारों में से हैं। उनकी फिल्मों में अक्सर सामाजिक न्याय, भ्रष्टाचार विरोध और युवा शक्ति जैसे मुद्दे दिखाए जाते रहे हैं। उनका प्रशंसक नेटवर्क वर्षों से संगठित रूप में काम कर रहा था, जो अब राजनीतिक ढांचे में बदला गया है।टीवीके ने अभी तक खुद को पूरी तरह किसी एक वैचारिक ध्रुव से नहीं जोड़ा है।वे द्रविड़ पहचान, सामाजिक न्याय और तमिल अस्मिता को बनाए रखते हुए "सर्वसमावेशी" छवि बनाना चाहते हैं।वे युवाओं को रोजगार, पारदर्शी व्यवस्था और सुशासन पर जोर देकर नई पीढ़ी को द्रविड़ राजनीति में जोड़ा है। इस बार के चुनाव में एआईएडीएमके का वोट शेयर लगभग 12 प्रतिशत तक गिरा है। इस बार सिर्फ पार्टी तीसरे नंबर पर पहुंच गई है, बल्कि वह मुख्य विपक्षी दल का दर्जा भी गंवा बैठी है। डीएमके और एआईएडीएमके दोनों पार्टियां पेरियार और अन्नादुरई के सिद्धांतों जैसे सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, हिंदी विरोध को मानती है।1967 से तमिलनाडु में केवल इन दो पार्टियों ने ही सरकारें बनाई हैं, जो बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। दोनों ही पार्टियों का फिल्मी जगत से गहरा संबंध रहा है, जहां नेता अक्सर पटकथा लेखक या अभिनेता रहे हैं।डीएमके का उदय 1949 में हुआ था।सी.एन. अन्नादुरई ने पेरियार के कुछ विचारों से असहमति के बाद डीएमके बनाई, जो चुनावी राजनीति में उतरी। दक्षिण के बड़े अभिनेता एम.जी. रामचंद्रन ने करुणानिधि से विवाद के बाद डीएमके से अलग होकर 1972 में एआईएडीएमके बनाई।बाद में जयललिता ने इस पार्टी की कमान संभाली थी। जयललिता भी दक्षिण की मशहूर अभिनेत्री थी। तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति का इतिहास 1916 में जस्टिस पार्टी की स्थापना से शुरू होकर आज की डीएमके और एआईएडीएमके के बीच वैचारिक और सत्ता संघर्ष का 110 साल पुराना सफर है।जस्टिस पार्टी की शुरुआत गैर-ब्राह्मण आंदोलन से हुई, जो प्रशासन और शिक्षा में ब्राह्मण वर्चस्व के खिलाफ था।बाद में जस्टिस पार्टी को पेरियार ई.वी. रामासामी ने द्रविड़ कड़गम में बदला, जिसका उद्देश्य स्वतंत्र द्रविड़ नाडु और सामाजिक सुधार था।तमिलनाडु की राजनीति देश के बाकी राज्यों से काफी अलग मानी जाती है। ऐसा इसलिए कि यहां जाति, भाषा, धर्म, क्षेत्रीय पहचान और सामाजिक न्याय की राजनीति ने एक ऐसी विचारधारा को जन्म दिया जिसे द्रविड़ राजनीति कहा जाता है। राज्य की दो सबसे बड़ी पार्टियां डीएमके और एआईएडीएमके एक ही द्रविड़ आंदोलन से निकली है, दोनों की विचारधारा लगभग समान है, लेकिन राजनीतिक रूप से दोनों दशकों से कट्टर प्रतिद्वंद्वी बनी हुई है और पिछले पांच दशक से ज्यादा समय से तमिल राजनीति पर कब्जा किया हुआ है। 1967 का विधानसभा चुनाव तमिलनाडु की राजनीति का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ, जहां डीएमके ने कांग्रेस को हराकर सत्ता हासिल कर ली और सी. एन. अन्नादुरई मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था जब किसी क्षेत्रीय दल ने राज्य में कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया था। इसके बाद तमिलनाडु की राजनीति लगभग पूरी तरह द्रविड़ दलों के नियंत्रण में आ गई। अन्नादुरई की मृत्यु के बाद एम. करुणानिधि डीएमके के सबसे बड़े नेता बनकर उभरे।1969 में सी.एन. अन्नादुरई के निधन के बाद, कलाइग्नार एम. करुणानिधि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने और पांच बार इस पद पर आसीन हुए। उन्होंने 2016 तक हुए सभी 13 विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करके एक रिकॉर्ड बनाया। 2018 में, उनके बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण, डीएमके की आम सभा की बैठक हुई और एम.के. स्टालिन को डीएमके को अध्यक्ष चुना गया था।1980 और 1990 के दशक में तमिलनाडु की राजनीति पूरी तरह करुणानिधि बनाम जयललिता में बदल गई। दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक संघर्ष बेहद तीखा था। विधानसभा से लेकर सड़कों तक टकराव दिखाई देता था।

तमिलनाडु की राजनीति में फिल्मी लोकप्रियता महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल स्टारडम से सत्ता नहीं मिलती।एम.जी. रामचंद्रन और जे. जयललिता सफल हुए क्योंकि उन्होंने मजबूत संगठन और जनकल्याणकारी राजनीति भी विकसित की थी। नई पार्टियों पर अक्सर आरोप लगता है कि वे केवल एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द बनी हैं। यदि टीवीके अलग-अलग चेहरों को आगे करती है, तो वह खुद को "संगठन आधारित पार्टी" के रूप में पेश कर सकती है। तमिलनाडु की राजनीति में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बेहद महत्वपूर्ण है।यदि विजय किसी विशेष समुदाय से जुड़े माने जाते हैं, तो पार्टी दूसरे समुदाय और धर्म के चेहरे को आगे कर व्यापक सामाजिक गठबंधन बनाना चाहिए। विजय की लोकप्रियता और उसकी दीर्घकालिक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पार्टी को मजबूत संगठन, स्पष्ट नीतियां और विश्वसनीय राजनीतिक नेतृत्व कितना विकसित कर पाते हैं।

(बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# युवाओं का बढ़ता गुस्सा सरकारों के लिए गंभीर चेतावनी

**सनत जैन**



राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वार्षिक रिपोर्ट केवल अपराधों के आंकड़े प्रस्तुत नहीं करती है, बल्कि समाज की बदलती मानसिकता और सामाजिक तनावों का भी आईना होती है। हाल की रिपोर्ट में झारखंड सहित कई राज्यों में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं में बढ़ते गुस्से, असहिष्णुता और आक्रामकता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। यह चिंता अपराधों की संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक बदलाव में उस मानसिक स्थिति का संकेत है, जिसमें भारत की सबसे बड़ी आबादी का युवा वर्ग धीरे-धीरे धैर्य और संतुलन खो रहा है। उसकी संलिप्तता कई अपराधों में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक कारणों से होने लगी है। युवा वर्ग जरा-जरा सी बात पर गुस्से में नजर आ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार रेलवे में अपराध बढ़ रहे हैं। साइबर अपराध, हत्या और आत्महत्या जैसी घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। जमीन और संपत्ति विवादों के कारण होने वाली हत्याओं में बढ़ोत्तरी असहिष्णुता का उदाहरण है। छोटी-छोटी बातों पर हिंसा, पारिवारिक कलह अब सामाजिक राजनीतिक एवं धार्मिक टकराव की सामान्य अपराधिक घटनाएं बनती जा रही हैं। इस स्थिति का मतलब है, समाज में संवाद और सहनशीलता का स्तर तेजी से कमजोर होता जा रहा है। युवाओं के भीतर बढ़ते गुस्से के पीछे सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी और महंगाई है। पढ़ाई पूरी करने के बाद भी युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। सरकारों की असंवेदनशीलता से युवाओं के भीतर गुस्सा निराशा और हताशा बढ़ रही है। बढ़ती महंगाई ने मध्यम और निम्न वर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति को तेजी से खराब कर दिया है। रोजाना खाने-पीने और जरूरी खर्च भी नहीं उठा पा रहे हैं। युवा अपनी रोजाना की जरूरतों और भविष्य की असुरक्षा तथा शादी-ब्याह नहीं हो पाने के कारण भारी गुस्से में दिख रहा है। इसका एक नजारा पिछले दिनों बिहार में देखने को मिला। युवाओं के प्रदर्शन पर पुलिस ने जमकर लाठियां भांजी, यह स्थिति अब लगभग हर राज्य में दिखने लगी है। युवाओं ने जो सपने संजोए थे, वे सपने ही बनकर रह गए हैं। वास्तविकता से वह कोसों दूर हैं। जिसके कारण युवाओं का गुस्सा, मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है, जो कानून व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन रहा है।

रिपोर्ट में बढ़ते हुए अपराधों को महंगाई और बेरोजगारी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। सोशल मीडिया, डिजिटल संस्कृति, बाजारवाद ने इस समस्या को तेजी के साथ बढ़ाने का काम किया है। युवा अब तेजी से प्रतिक्रिया देने समूह के रूप में सड़कों पर उतरने लगा है। समूह में अपराध करने लगा है। कर्ज, महंगाई, बेरोजगारी के कारण युवाओं का धैर्य खत्म हो गया है। आपसी संवाद और संयम जैसी सामाजिक और मानवीय स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है। साइबर अपराधों में युवाओं की बढ़ती संलिप्तता दर्शाती है, तकनीक का उपयोग सकारात्मक कम और त्वरित लाभ के लिए हो रहा है। ऑनलाइन ठगी, फर्जीवाड़ा और डिजिटल उत्पीड़न जैसे अपराधों में युवाओं की भागीदारी गंभीर चेतावनी है। समाज में आत्महत्या के साथ अब पारिवारिक सामूहिक आत्महत्या के बढ़ते मामले भी चिंता का विषय हैं। मानसिक दबाव अब केवल व्यक्ति का नहीं है बल्कि परिवार का बनता जा रहा है। नौकरी के लिए बार-बार परीक्षा, प्रतियोगिता पारिवारिक अपेक्षाएं 25 से 30 वर्ष की उम्र हो जाने के बाद भी शादी विवाह नहीं होना युवाओं को भीतर से तोड़ रही हैं। दुर्भाग्य है इस स्थिति पर सामाजिक, परिवार धार्मिक एवं शासन स्तर पर कहीं चर्चा नहीं हो रही है। मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा नहीं है। परिवार समाज और शासन स्तर पर सारी संवेदनाएं खत्म हो चुकी हैं। युवा अपनी समस्याओं को लेकर अकेले संघर्ष कर रहे हैं। जरूरी आवश्यकता के कारण कई बार गलत कदम उठा लेते हैं। सरकार और समाज दोनों को युवाओं की इस स्थिति को कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर नहीं देखना चाहिए। यह सामाजिक, आर्थिक और मानसिक तनाव से जुड़ा एक बड़ा सामाजिक संकट है। रोजगार के अवसर बढ़ाने, कौशल विकास को मजबूत करने और युवाओं को वर्तमान स्थिति का मुकाबला किस तरह से किया जाए, उसके लिए उनके साथ सहानुभूति से पेश आने की जरूरत है। शिक्षा व्यवस्था, नैतिक मूल्यों, धैर्य, संवाद और मानसिक स्थिति पर सभी को विशेष ध्यान देना होगा। परिवारों में बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना होगा। ताकि वह अपनी समस्याएं खुलकर परिवार और दोस्तों के साथ साझा कर सकें। समाज में शांति, सामाजिक और विकास कार्यों में युवाओं की ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यही ऊर्जा गुस्से और आक्रामकता में बदल गई। तो इसके परिणाम बेहद गंभीर होंगे। एनसीआरबी की रिपोर्ट बड़ी चेतावनी है। समय रहते युवाओं की समस्याओं को समझा जाए। महंगाई बेरोजगारी और कर्ज जैसी समस्याओं का निराकरण करने का काम सरकारों का है। युवाओं को सही दिशा में अवसर तथा मार्गदर्शन देना होगा। पुलिस कानून से अपराध रोकना पर्याप्त नहीं होगा। सरकार और समाज को मानसिक और सामाजिक वातावरण मैं बदलाव लाना होगा। अन्यथा कभी भी स्थिति बेकाबू हो सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : मेष राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्ते में गहराई और अपनापन आपको महसूस होगा। किसी कारण से पिताजी आपको नयी जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसे आप पूरी तरह निभाएंगे। जमीन जायदाद से जुड़े काम पूरे हो सकते हैं। आज साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान दें। रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष राशि**: वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना तथा अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा। आज कुछ नजदीकी यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं। आज विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देंगे, जल्द ही सफलता आपके कदम चूमेंगी।

**मिथुन राशि**: मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखना होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर कर सकते हैं।

**कर्क राशि**: कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। आज ऑनलाइन शॉपिंग और मस्ती वाली गतिविधियों में समय बीतेगा। आज आपको किसी निकट संबंधी के घर जाने का मौका मिलेगा। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है। आज बच्चों की गतिविधियों तथा संगति पर कड़ी नजर रखेंगे।

**सिंह राशि**: सिंह राशि वालों आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में समय बीतेगा। आज आपके बच्चे नकारात्मक गतिविधियों और संगति से दूरी बनाकर रखेंगे। आज व्यावसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है।

**कन्या राशि**: कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही में सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज घर के किसी सदस्य को बड़ी सफलता मिलने से घर का वातावरण उत्सव जैसा होगा।

**तुला राशि**: तुला राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशि**: वृश्चिक राशि वालों आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है।

**धनु राशि**: धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**मकर राशि**:मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में अभी और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ राशि**: कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी।

**मीन राशि**: मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। वर्कप्लेसल पर आपका काम अच्छा चलेगा। आपको किसी काम में मदद की जरूरत रहेगी, इस मामले में दोस्त से सलाह मिल सकती है।

# संवैधानिक संस्थानों पर गहराता संदेह और बदलता सियासी मिजाज

**दिलीप कुमार पाठक**



भारतीय लोकतंत्र आज एक दोराहे पर है, जहां चुनाव के नतीजों से ज्यादा चर्चा चुनावी प्रक्रिया और संवैधानिक मर्यादाओं की हो रही है। देश की राजनीति में हाल के दिनों में जो कुछ घटा है—चाहे वह पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और राज्यपाल के बीच का अभूतपूर्व टकराव हो, या फिर विपक्षी नेताओं का जेल जाना - इन सबने आम जनता के मन में कई गंभीर सवाल पैदा कर दिए हैं। क्या हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं वास्तव में स्वतंत्र हैं? या फिर सत्ता की बिसात पर मोहरे अब संस्थानों की गरिमा से बड़े हो गए हैं?

सबसे पहले बात करते हैं पश्चिम बंगाल की। वहां संवैधानिक संकट जिस मोड़ पर पहुंचा है, वह भारतीय संसदीय इतिहास के लिए एक चिंताजनक अध्याय है। ममता बैनर्जी ने चुनाव हारने के बाद साफ कह दिया कि हम हारे नहीं है, बल्कि चुनाव आयोग ने हमें हराया है, मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, राज्यपाल चाहें तो मुझे सस्पेंड कर दें, मैं चुनावी प्रक्रिया में धांधली के मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाऊँगी या फिर अंतरराष्ट्रीय कोर्ट जाऊँगी यह पहली बार हुआ है जब किसी मुख्यमंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया तो राज्यपाल ने सरकार बरख़ास्त कर दी, राज्यपाल ने बरख़ास्त कर दिया ये तो होना ही था, लेकिन इस तरह न नाटकीय घटनाओं से लोकतंत्र कमज़ोर होता है, उसमे सत्ता - विपक्ष दोनों को गहराई से सोचना चाहिए कि आम नागरिको में क्या संदेश जाएगा।

क्या लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं सक्रिय राजनीति का अखाड़ा बन गईं हैं? यह सवाल आज हर जागरूक नागरिक पूछ रहा है। वहीं दूसरी ओर, देश में ईवीएम और वोट चोरी को लेकर उठ रहे स्वर थमने का नाम नहीं ले रहे। हालांकि चुनाव आयोग बार-बार इसकी शुचिता का दावा करता है, लेकिन जब विपक्षी दल और नागरिक समाज के एक बड़े हिस्से में अविश्वास पैदा हो जाए, तो वह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

भाजपा की एकतरफा जीत को लेकर भी समाज में दो फाड़ है, समर्थकों के लिए यह विकास की जीत है, तो विरोधियों के लिए यह संसाधनों और संस्थानों के दुरुपयोग का परिणाम। यह कहना भी हास्यापद होगा कि देश में राम राज्य आ गया है, क्योंकि महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव जैसे जमीनी मुद्दे आज भी जस के तस बने हुए हैं।

राजनीति की नैतिकता पर सबसे बड़ा प्रहार दलबदल ने किया है। क्षेत्रीय दलों के कद्दावर नेताओं का रातों-रात पाला बदलकर भाजपा के साथ जुड़ना, अब विचारधारा की राजनीति नहीं बल्कि अवसरवाद की राजनीति का प्रतीक बन गया है। जब जनता किसी व्यक्ति को एक खास विचारधारा के लिए चुनती है और वह नेता व्यक्तिगत लाभ या दबाव में दूसरी तरफ चला जाता है, तो यह सीधे तौर पर जनमत का अपमान है। आयाराम-गयाराम की यह संस्कृति लोकतांत्रिक शुचिता पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाती है। इन सबके बीच, न्यायपालिका की साख पर भी उंगली उठने लगी है। हाल ही में अरविंद केजरीवाल द्वारा अदालत में यह कहना कि - मुझे आप पर विश्वास नहीं है कि आप न्याय करेंगी, केजरीवाल का दावा था कि जज आरएसएस से जुड़ी संस्था अधिवक्ता परिषद के कार्यक्रमों में कई बार शामिल हुई हैं, जो एक विशेष विचारधारा को दर्शाता है। यह एक बेहद डराने वाली स्थिति की ओर इशारा करता है। जब देश के बड़े नेता और आम आदमी अदालतों की निष्पक्षता पर संदेह करने लगें, तो समझ लीजिए कि लोकतंत्र का अंतिम स्तंभ भी डगमगा रहा है। न्याय का केवल होना ही काफी नहीं है, बल्कि उसका दिखना भी जरूरी है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# चार ओवर फेंकने के लिए पूरी तरह फिट हूं : कैमरून ग्रीन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने शानदार वापसी करते हुए लगातार चौथी जीत दर्ज की है। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराकर प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इस मुकाबले में फिन एलन ने नाबाद शतकीय पारी खेलकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया, जबकि ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान देकर टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई।



मैच के बाद कैमरून ग्रीन ने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह अब पूरी तरह फिट हैं और टीम के लिए पूरे चार ओवर फेंकने के लिए तैयार हैं। ग्रीन ने कहा कि कोलकाता की टीम का संतुलन काफी मजबूत है और उनके पास कई गेंदबाजी विकल्प मौजूद हैं, जिससे उन्हें गेंदबाजी करने में आसानी होती है। उन्होंने खास तौर पर अनुकूल रॉय की तारीफ करते हुए कहा कि बाएं हाथ के इस ऑलराउंडर ने मिडिल ओवरों में शानदार गेंदबाजी की है और टीम के आक्रमण को मजबूती दी है। ग्रीन ने बताया कि वह पावरप्ले, मध्य ओवरों और डेथ ओवरों में भी गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहते हैं। गौरतलब है कि आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों में कैमरून ग्रीन ने गेंदबाजी नहीं की थी। पीठ की चोट से उबरने के बाद टीम प्रबंधन उन्हें केवल बल्लेबाज के तौर पर इस्तेमाल कर रहा था। हालांकि अब वह पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने गेंदबाजी करते हुए एक महत्वपूर्ण विकेट भी हासिल किया और नितीश राणा को आउट कर टीम को अहम सफलता दिलाई। ग्रीन ने बल्लेबाजी क्रम को लेकर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि शुरुआती कुछ मैचों में टीम सही संयोजन तलाश रही थी, लेकिन अब खिलाड़ियों की भूमिकाएं स्पष्ट हो चुकी हैं। उनके मुताबिक अब टीम को समझ आ गया है कि किस खिलाड़ी को किस नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। ग्रीन का मानना है कि कोलकाता की टीम अब सही दिशा में आगे बढ़ रही है। इस सीजन वह बल्ले से भी शानदार फॉर्म में हैं और अब तक 232 रन बनाने के साथ चार विकेट भी हासिल कर चुके हैं। आईपीएल 2026 मेगा ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने कैमरून ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। इतनी बड़ी कीमत को लेकर पूछे गए सवाल पर ग्रीन ने कहा कि उन्हें कभी अतिरिक्त दबाव महसूस नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि टीम प्रबंधन और कोचिंग स्टाफ ने हमेशा उनका समर्थन किया और कीमत को लेकर कभी चर्चा नहीं की। लगातार चार जीत के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने प्लेऑफ की रेस में दमदार वापसी कर ली है और अब टीम की नजर टॉप-4 में जगह बनाने पर टिकी हुई है।

## धोनी को खेलते रहना चाहिए, उनके जैसा विकेटकीपर कोई नहीं : माइकल क्लार्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उम्र बढ़ने के बावजूद उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहिए। क्लार्क का मानना है कि धोनी का खेल पर प्रभाव आज भी बेहद खास है और टी20 क्रिकेट में उनसे बेहतर विकेटकीपर कोई नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस दिन धोनी क्रिकेट से संन्यास लेंगे, उसके बाद शायद वह किसी भी रूप में खेल से जुड़े नजर नहीं आएंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 शुरू होने से पहले महेंद्र सिंह धोनी को पिंडली में खिंचाव की समस्या हो गई थी। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से जानकारी दी गई थी कि 44 वर्षीय धोनी शुरुआती कुछ मुकाबले ही मिस करेंगे। हालांकि टीम अब तक 10 मैच खेल चुकी है, लेकिन धोनी मैदान



पर वापसी नहीं कर पाए हैं। वह लगातार नेट्स में अभ्यास जरूर कर रहे हैं, लेकिन मैचों के दौरान टीम के साथ यात्रा नहीं कर रहे। उनकी गैरमौजूदगी ने प्रशंसकों को निराश किया है, लेकिन माइकल क्लार्क का मानना है कि धोनी और चेन्नई सुपर किंग्स एक-दूसरे से अलग नहीं हो सकते। एक पॉडकास्ट' में बातचीत के दौरान माइकल क्लार्क ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी ही चेन्नई सुपर किंग्स की असली पहचान हैं। उन्होंने कहा कि जब भी चेन्नई का मैच होता है तो स्टेडियम में ज्यादातर दर्शक नंबर 7 वाली पीली जर्सी पहनकर पहुंचते हैं। यहां तक कि टीम के साथ जुड़ने वाले प्रायोजक भी चाहते हैं कि धोनी टीम का हिस्सा बने रहें। क्लार्क ने कहा कि भारत और चेन्नई सुपर किंग्स दोनों के लिए धोनी का महत्व बेहद बड़ा है और उम्र को उनकी क्षमता का पैमाना नहीं माना जाना चाहिए।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि कोई भी उन्हें यह समझा नहीं सकता कि वर्तमान समय में टी20 क्रिकेट में धोनी से बेहतर विकेटकीपर मौजूद है। उनके अनुसार धोनी की विकेटकीपिंग कौशल, मैच को पढ़ने की क्षमता और दबाव में शांत रहने का अंदाज उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाता है। उन्होंने प्रशंसकों और क्रिकेट विशेषज्ञों से अपील की कि वे धोनी के संन्यास की मांग करना बंद करें और उन्हें जितना चाहें उतना क्रिकेट खेलने दें।

## राशिद आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाले विदेशी स्पिनर बने

**एजेंसी, जयपुर**

गुजरात टाइटंस के स्पिनर राशिद खान ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। राशिद ने इस मैच में चार विकेट लेकर राजस्थान रॉयल्स को 152 रनों पर आउट करने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की है। राशिद अब आईपीएल इतिहास में विदेशी स्पिनर के तौर पर सबसे ज्यादा बार तीन या उससे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इसी के साथ ही



कोलकाता नाइटराइजर्ड (केकेआर) के अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन को भी पीछे छोड़ दिया है। यह ये 18 वीं बार है जब राशिद ने आईपीएल मैच में तीन या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। इस उपलब्धि के साथ ही अब वह अमित मिश्रा और रवींद्र जडेजा जैसे प्रमुख स्पिनरों से आगे निकल गए हैं। अब केवल स्पिनर युजवेंद्र चहल ही उनसे आगे हैं, जिन्होंने 23 बार यह कारनामा किया है। अगर हम तेज गेंदबाजों को भी शामिल कर लें, तो राशिद से अधिक विकेट केवल जसप्रीत बुमराह के नाम 25, भुवनेश्वर कुमार के 21 और लसिथ मलिंगा के नाम 19 विकेट हैं। मैच के बाद अपनी गेंदबाजी पर बात करते हुए राशिद खान ने बताया कि पहली गेंद फेंकते ही उन्हें पिच से मदद मिलने का एहसास हो गया था। उन्होंने कहा, मुझे बस अपनी गेंदों की गति को लगातार बदलते रहना था।

## आईपीएल अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंची गुजरात टाइटंस

**एजेंसी, जयपुर**। गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 77 रनों से हराकर आईपीएल के 19 वें सत्र में लगातार चौथी जीत के साथ ही अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। यह गुजरात की रनों को देखते हुए आईपीएल में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 229 रन बनाये। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 16.3 ओवर में ही केवल 152 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच में शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 118 रन बनाये। सुदर्शन ने 36 गेंदों में 55 रन बनाए, जबकि शुभमन ने 44 गेंदों पर 84 रन बनाये। वहीं अंत में, वॉशिंगटन सुंदर ने 20 गेंदों में नाबाद 37 रन और राहुल तेवतिया ने नाबाद 14 रन बनाकर टीम को 229 के लक्ष्य तक पहुंचाया। गुजरात टाइटंस की ओर से बृजेश शर्मा ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए। इसके बाद 230 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यशस्वी जायसवाल सिर्फ 3 रन बनाकर सस्ते में पवेलियन लौट गए। वैभव सूर्यवंशी 36 रन पर ही आउट हो गये।

## शुभमन लगातार सात आईपीएल सत्र में 400 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने

**एजेंसी, जयपुर**

गुजरात टाइंटस के कप्तान शुभमन गिल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। शुभमन ने इस मैच में 44 गेंदों पर ही 84 रनों की पारी के साथ ही अपने 400 आईपीएल रन पूरे किये। इसी के साथ ही शुभमन लगातार सात आईपीएल सीजन में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले विश्व के केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। शुभमन ने साल 2020 के सत्र से ही लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं साल



2026 के सत्र में भी यह सिलसिला बना रहा। उन्होंने साल 2020 और 2021 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलते हुए ये उपलब्धि हासिल की थी। इसके बाद साल 2022 में गुजरात टाइटंस से जुड़ने के बाद से ही वह लगातार रन बनाते आये हैं। आईपीएल में उनसे पहले केवल दो खिलाड़ियों के नाम ही ये रिकार्ड है।

वहीं इससे पहले सुरेश रैना ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से साल 2008 से 2014 तक लगातार सात आईपीएल सीजन में 400 से अधिक रन बनाए थे। रैना ने इस दौरान सीएसके के आधार बने रहे। उनके बाद सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने भी यह रिकार्ड अपने नाम किया। धवन ने साल 2016 से 2022 तक लगातार सात आईपीएल सत्र में 400 या उससे अधिक रन बनाए।

# बिजनेस

## मई में भी हुई एफपीआई की बिकवाली, विदेशी निवेशकों ने 2026 में की दो लाख करोड़ से अधिक की निकासी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इस साल फरवरी के बाद से घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला मई के महीने में भी लगातार बना हुआ है। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक स्टॉक मार्केट में बिकवाली करके 14,231 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। मई के महीने में अभी तक हुए कारोबार में हुई बिकवाली के आंकड़ों को मिला दिया जाए, तो कैलेंडर ईयर 2026 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा घरेलू शेयर बाजार में की गई बिकवाली का आंकड़ा दो लाख करोड़ के स्तर को भी पार कर गया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से लेकर इस महीने आठ मई तक एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार में कुल 2,28,040 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। जनवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 35,962




करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। फरवरी में एफपीआई ने बिकवाली की जगह लिवाली पर जोर दिया। इस महीने इन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया। मार्च के महीने में एक बार फिर स्थिति बदल गई। इस महीने एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की। अप्रैल के महीने में भी एफपीआई की ओर से हो रही बिकवाली का सिलसिला जारी रहा। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 60,847 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले। मौजूदा महीने में भी आठ मई तक के पांच कारोबारी दिन में एफपीआई 14,231 करोड़ रुपये के शेयर बेच चुके हैं। फरवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा की गई 22,615 करोड़ रुपये की लिवाली को इस साल की गई कुल बिकवाली के आंकड़े से यदि घटा भी दिया जाए, तब भी इस साल विदेशी निवेशकों द्वारा की गई बिकवाली का आंकड़ा दो लाख करोड़ के स्तर के ऊपर 2,05,425 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा हुआ नजर आता है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस साल विदेशी निवेशकों द्वारा घरेलू शेयर बाजार में की जा रही बिकवाली की मुख्य वजह ग्लोबल मैक्रो इकोनॉमिक अनसर्टेनिटी है। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनिल भंसाली का कहना है कि विदेशी निवेशक विशेष रूप से जियो पोलिटिकल रिस्क, महंगाई और ब्याज दरों को लेकर चिंतित हैं। जियो पोलिटिकल टेंशन, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति की वजह से कच्चे तेल की कीमत लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के आसपास बनी हुई है। इसकी वजह से दुनिया भर में महंगाई बढ़ने की आशंका बनी हुई है। महंगाई के डर ने भी विदेशी निवेशकों को अपना पैसा सुरक्षित करने के लिए भी बिकवाली का तरीका अपनाने के लिए मजबूर कर दिया है।

## अशोक कुमार पंडा ने सेल के सीएमडी का कार्यभार संभाला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डॉ. अशोक कुमार पंडा ने शनिवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में कार्यभार को संभाल लिया है। पांडा ने



अमरेंदु प्रकाश की जगह ली, जिनका कार्यकाल 01 अप्रैल को समाप्त हो गया था। अशोक कुमार पांडा इससे पहले कंपनी के निदेशक (वित्त) के रूप में काम कर रहे थे। इस दौरान लगभग 9 महीनों तक उनके पास निदेशक (वाणिज्यिक) का अतिरिक्त प्रभार भी रहा। डॉ अशोक कुमार पांडा ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.ई. पूरा करने के बाद वर्ष 1992 में मैनेजमेंट ट्रेनी (तकनीकी) के रूप में सेल में अपने करियर की शुरुआत की थी। वे विगत 3 दशकों से अधिक की अपनी विशिष्ट सेवा, अटूट समर्पण और दृढ़ संकल्प के बल पर वह कंपनी के भीतर नेतृत्व के उच्चतम स्तर तक पहुंचे हैं।

## इस सप्ताह दो कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग, चार शेयरों की होगी लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोमवार यानी 11 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में मामूली हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह दो कंपनियां अपना आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इस सप्ताह मेनबोर्ड सेगमेंट का कोई आईपीओ नहीं खुलने वाला है। इन दो नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह खुले एक आईपीओ में भी इस सप्ताह निवेशक बोली लगा सकेंगे। ये आईपीओ भी एसएमई सेगमेंट का ही है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह चार कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इस सप्ताह के दूसरे दिन 12 मई को आरएफबीएल फ्लेक्सी पैक का 35.33 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 14 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 47 रुपये से लेकर 50 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 19 मई को




एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है। गोल्डलाइन फार्मास्यूटिकल का 12 मई को ही 11.61 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस इश्यू में भी 14 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 41 रुपये से लेकर 43 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 19 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है। इन दोनों नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह आठ मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले सिम्का एडवर्टाइजिंग के 58.04 करोड़ रुपये के आईपीओ में मंगलवार यानी 12 मई तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 174 रुपये से लेकर 183 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 15 मई को कंपनी के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। अभी तक इस पब्लिक इश्यू को 65 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। शेयर बाजार में इस सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 11 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफार्म पर वैल्यू 360 कम्यूनिकेशंस की लिस्टिंग हो सकती है। इसके बाद 12 मई को रिकोड स्टुडियोज के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 15 मई को बागमाने प्राइम ऑफिस रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) के शेयर एनएसई और बीएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इसी दिन सिम्का एडवर्टाइजिंग के शेयर भी एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में अपने कारोबार की शुरुआत कर सकते हैं।

## इस सप्ताह दो कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग, चार शेयरों की होगी लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोमवार यानी 11 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में मामूली हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह दो कंपनियां अपना आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इस सप्ताह मेनबोर्ड सेगमेंट का कोई आईपीओ नहीं खुलने वाला है। इन दो नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह खुले एक आईपीओ में भी इस सप्ताह निवेशक बोली लगा सकेंगे। ये आईपीओ भी एसएमई सेगमेंट का ही है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह चार कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इस सप्ताह के



दूसरे दिन 12 मई को आरएफबीएल फ्लेक्सी पैक का 35.33 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 14 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 47 रुपये से लेकर 50 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 19 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है। गोल्डलाइन फार्मास्यूटिकल का 12 मई को ही 11.61 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस इश्यू में भी 14 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 41 रुपये से लेकर 43 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 19 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है।

## एपीडा ने 20 मीट्रिक टन शहद की पहली खेप अमेरिका को किया निर्यात

**एजेंसी, नई दिल्ली** । कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने शनिवार को असम के बक्सा जिले से 20 मीट्रिक टन शहद की पहली खेप को अमेरिका निर्यात के लिए रवाना किया, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि भारत के कृषि निर्यात में विविधता लाने और 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) पहल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी एवं महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर असम के एक 'आकांक्षी जिले' बक्सा से ओडीओपी शहद की पहली खेप एपीडा की पहल के जरिए यूएसए के लिए रवाना की गई। मंत्रालय ने बताया कि 20 मीट्रिक टन शहद वाली इस पहली खेप का निर्यात पूर्वोत्तर क्षेत्र के एपीडा-पंजीकृत निर्यातक, मेसर्स सॉल्ट रेंज फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, असम के द्वारा किया गया। एपीडा का यह पहल भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र से मिलने वाले उच्च गुणवत्ता वाले, ऑर्गेनिक शहद की बढ़ती वैश्विक मांग को दर्शाती है, जिससे स्थानीय किसानों की आय बढ़ती है और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलता है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में लिखा है, असम के बक्सा जिला से पहली बार ओडीओपी शहद का अमेरिका निर्यात, पूर्वोत्तर भारत की कृषि क्षमता और किसानों की मेहनत का वैश्विक प्रमाण है।

## अडाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड हिमाचल प्रदेश से खरीदेगी चेरी

**एजेंसी, नई दिल्ली/शिमला**

अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अडाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड (एएएफएल) ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश से गुठलीदार फलों, विशेष रूप से चेरी की खरीद शुरू करने का ऐलान किया। कंपनी ने कहा कि वह जल्द ही इसकी शुरुआत करेगी। कंपनी के प्रवक्ता ने जारी एक बयान में कहा, "हम आगामी सत्र से चेरी की खरीददारी की शुरुआत करेंगे और धीरे-धीरे आड़ू एवं आलूबुखारा जैसे अन्य गुठलीदार फलों तक इसका विस्तार करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि यह हमारे सेब खरीद के अनुभव को आगे बढ़ाने और




किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।" उन्होंने कहा कि कंपनी के इस पहल से फलों के भंडारण की अवधि बढ़ाने, किसानों को बड़े बाजारों तक पहुंच दिलाने और उनकी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। प्रवक्ता ने कहा, "एएएफएल हिमाचल प्रदेश में सेब की खरीददारी, भंडारण और विपणन से जुड़ी शुरुआती संगठित कंपनियों में शामिल रही है। अडाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड के मुताबिक कंपनी ने वर्ष 2006 में 'फार्म-पिक' ब्रांड के तहत परिचालन शुरू किया था। तब से अब तक उसने 17,000 से अधिक किसानों से तीन लाख टन से अधिक सेब की खरीद की है और किसानों को सीधे लगभग 1,500 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।" कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी ने हिमाचल प्रदेश में कुल 25,000 टन भंडारण क्षमता विकसित की है, जिससे फलों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने और किसानों को बड़े बाजारों तक पहुंच दिलाने में मदद मिली है।

# भारत में पैट्रियट का बुरा हाल सातवें दिन लाखों में सिमटी कमाई लेकिन वर्ल्डवाइड छाप रही नोट

ममूटी और मोहनलाल स्टारर फिल्म पैट्रियट ग्लोबल लेवल कुछ उपलब्धियां हासिल करने के बावजूद सिनेमाघरों में निराशाजनक परफॉर्म कर रही है. ये एक्शन थ्रिलर भारत में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखने में असफल साबित हुई है. हालांकि, विदेशी दर्शक अभी भी फिल्म को ठीक रिस्पॉन्स दे रहे हैं जिसके चलते इसने वर्ल्डवाइड ठीक कमाई कर ली है. चलिए यहां जानते हैं पैट्रियट ने रिलीज के 7वेंदिन कितना कलेक्शन किया है?




पैट्रियट ने सिनेमाघरों में रिलीज का एक हफ्ता पूरा कर लिया है. वहीं भारत में ये फिल्म दर्शकों को इम्प्रेस नहीं कर पाई और इसी के साथ ये कमाई भी नहीं कर पाई है. सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक पैट्रियट ने रिलीज के 7वें दिन 93 लाख का कलेक्शन किया है. इसी के साथ इस फिल्म का भारत में 7 दिनों का कुल नेट कलेक्शन 26.98 करोड़ रुपये हो गया जबकि इसका भारत में ग्रॉस कलेक्शन फिलहाल 31.30 करोड़ रुपये है.

विदेशी बाजार ने पैट्रियट के कुल कारोबार में अहम योगदान दिया है. फिल्म ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 41.50 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसके साथ ही, फिल्म का सात दिनों का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 72.80 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. घरेलू कमाई में तेजी से गिरावट के बावजूद, विदेशी दर्शकों के मजबूत सपोर्ट ने फिल्म को विश्व स्तर पर पूरी तरह से धराशायी होने से बचा लिया है. महेश नारायणन की मलयालम एक्शन थ्रिलर पैट्रियट का125 करोड़ के भारी-भरकम बजट में बनी बताया जा रहा है. इस फिल्म ने एक हफ्ते में घरेलू बाजार में अपनी आधी लागत वसूलना तो दूर 30 करोड़ का आंकडा भी पार नहीं किया है. ऐसे में ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट चुकी है. बता दें कि इसी के साथ मोहनलाल ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अपनी लगातार दूसरी फ्लॉप फिल्म दी है. इससे पहले 2025 में आई उनकी एक्शन फिल्म वृषभा ने मात्र 1.64 करोड़ की कमाई की थी. पैट्रियट से उम्मीद थी कि यह आडू 3, वाझा 2 और प्रकंबनम के बाद 2026 में मलयालम सिनेमा की सफलता की लय को बरकरार रखेगी. लेकिन इसके बजाय, ये बॉक्स ऑफिस पर बड़ी फ्लॉप साबित हुई है.





# आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ओटीटी अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई रिलीज

सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को रिलीज हुई थी. इस तेलुगु रोमांटिक क्राइम थ्रिलर फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिक्स्ड रिव्यू मिला है. इसमें आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर ने लीड रोल प्ले किया है. ये आदिवी शेष के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म भी है हालांकि ये सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई. वहीं अब ये ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई हैं. चलिए यहां जानते हैं 'डकैत को ओटीटी के किस प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं. बता दें कि 'डकैत को ओटीटी के प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया है. फिलहाल इस फिल्म ने तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में स्ट्रीम करना शुरू कर दिया है, जबकि हिंदी वर्जन फिलहाल अवेलेबल नहीं है. हिंदी वर्जन में ये फिल्म कब आएगी इसकी अभी जानकारी नहीं दी गई है. फिलहला इस दर्शक क्षेत्रीय भाषाओं में घर बैठे एंजॉय कर सकते हैं.

डकैत में अनुराग कश्यप, ज़ैन मैरी खान, प्रकाश राज, अतुल कुलकर्णी और सुनील भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं. सुप्रिया यारलागड्डा द्वारा निर्मित और अन्नपूर्णा स्टूडियोज द्वारा प्रेजेंट इस फिल्म का निर्देशन शानियल देव ने किया है और इसका म्यूजिक भीम्स सेसिरोलियो ने दिया है. इसकी कहानी हरिदास उर्फ हरि (आदिवी शेष) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी लाइफ उसकी एक्स गर्लफ्रेंड (मृणाल ठाकुर) के धोखे के बाद उलट-पुलट हो जाती है. बाद में, वह अपनी एक्स गर्लफ्रेंड सरस्वती से बदला लेने के लिए लौटता है. हालांकि, जैसे-जैसे वह कई डकैतियों में उलझता जाता है, उसका रास्ता और भी मुश्किल होता जाता है, जिससे वह एक खतरनाक गिरोह में और भी गहराई से फंस जाता है. ये फिल्म हरि और सरस्वती के बीच टूटे हुए रिश्ते पर बेस्ड है, जहां अनसुलझे भाव और अतीत के घाव उनके आज को प्रभावित करते रहते हैं.

# मेरे जख्म मेरी कहानी बयां करते हैं... राजश्री देशपांडे ने शेयर कीं मार्मिक तस्वीरें





टीवी और फिल्म अभिनेत्री राजश्री देशपांडे ने ब्रेस्ट कैंसर से अपनी लड़ाई और जीत की कहानी को बेहद साहस के साथ सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें उन्होंने अपने शरीर पर बचे सर्जरी के निशानों को खुलकर दिखाया और उन्हें अपनी ताकत व हिम्मत का प्रतीक बताया। इंडस्ट्री में जहां दिखावे और परफेक्शन को बहुत महत्व दिया जाता है, राजश्री देशपांडे ने सच्चाई और साहस को चुनते हुए एक मजबूत संदेश दिया है। इंस्टाग्राम पर किए पोस्ट में राजश्री ने लिखा, मेरे जख्म मेरी जिंदगी की कहानी बयां करते हैं। हर एक जख्म इस बात की याद दिलाता है कि मैंने लड़ाई लड़ी, मैं जिंदा बची और मैंने जीत हासिल की। उन्होंने आगे लिखा, ब्रेस्ट कैंसर ने अपने निशान तो छोड़े, लेकिन वह कभी भी मेरी हिम्मत को छू नहीं पाया। हर उस महिला से, जो अपनी चमक को फीका कर रही है प्लीज उठो। तुम बहुत खूबसूरत हो और तुम्हारे जख्म कोई दाग नहीं हैं, बल्कि वे तुम्हारे साहस का ताज हैं।

राजश्री देशपांडे ने कहा कि आज वे अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़ी हैं। उनके दिल में प्यार है और रूह में हिम्मत। उन्होंने सभी महिलाओं को संदेश दिया कि जीवन को पूरी तरह से जीना चाहिए और अपने जख्मों को शर्मिंदगी की जगह ताकत बनाकर आगे बढना चाहिए। राजश्री की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी सराही जा रही है। कई महिलाएं और सेलिब्रिटी उनकी हिम्मत की तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने मैसेज दिया है कि सौंदर्य सिर्फ बाहरी दिखावे में नहीं, बल्कि अंदर की ताकत और साहस में छिपा होता है। उन्होंने अपने संघर्ष को खुलकर साझा करके कई महिलाओं को हौसला दिया है। राजश्री की पोस्ट पर दिया मिर्जा, अमृता खानविलकर, शुभांगी लाटकर, शिल्पा तुलस्कर समेत कई सितारे व सोशल मीडिया यूजर्स भी खुलकर उनकी तारीफ करते नजर आए।

# रोमांस को बढाएगी राघव जुयाल और कोमल की नई जोड़ी



बॉलीवुड की आगामी रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'इकाई' को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। निर्देशक विकास बहल की इस फिल्म की सबसे खास बात अभिनेता राघव जुयाल और नई अभिनेत्री कोमल पावस्कर की ताजा ऑन-स्क्रीन जोड़ी को माना जा रहा है। माना जा रहा है कि यह जोड़ी फिल्म की कहानी को नई ऊर्जा और भावनात्मक गहराई देने वाली है। सूत्रों के अनुसार, 'इकाई' की सबसे बड़ी ताकत राघव जुयाल और कोमल पावस्कर के बीच का तालमेल है। जहां राघव अपने अनोखे और प्रभावशाली अभिनय अंदाज के लिए पहचाने जाते हैं, वहीं कोमल अपनी सहज और स्वाभाविक स्क्रीन प्रेजेंस के कारण ध्यान आकर्षित कर रही हैं। दोनों की जोड़ी स्क्रीन पर एक अलग ही प्रभाव छोड़ती नजर आएगी, जो दर्शकों को रोमांच और भावनाओं से जोड़ने में सफल हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म में दोनों कलाकारों के बीच जो भावनात्मक जुड़ाव दिखाया गया है, वह काफी वास्तविक और ताजगी से भरा हुआ महसूस होगा। यही वजह है कि उनकी परफॉर्मेंस के साथ-साथ उनका आपसी कनेक्शन भी फिल्म की सबसे बड़ी चर्चाओं में शामिल हो गया है। बताया जा रहा है कि यह जोड़ी पारंपरिक रोमांटिक जोड़ों से अलग नजर आएगी और कहानी को नया आयाम देगी। राघव जुयाल पिछले कुछ समय से अपने अलग तरह के किरदारों के जरिए दर्शकों को लगातार चौंकाते रहे हैं।



# अनन्या पांडे ने दिखाई दिलकश अदाएं, नजरें हटाना मुश्किल

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म चांद मेरा दिल को लेकर सुर्खियों में हैं. इस फिल्म के हीरो लक्ष्य हैं. ये रोमांटिक ड्रामा फिल्म 22 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. अनन्या आजकल फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं. अब इस बीच अनन्या पांडे ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो पिंक कलर का अनारकली सूट पहने नजर आ रही हैं. उनकी ये फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती है. उन्होंने हाल ही में फैंस के बीच अपना ट्रेडिशनल लुक शेयर किया, जिसमें वो पेस्टल पिंक कलर का सूट पहने नजर आ रही हैं. इस सूट पर गोल्डन बॉर्डर का बारीक काम उनके लुक को रिच और एलीगेंट टच दे रहा है. सॉफ्ट, एलीगेंट और ट्रेडिशनल वाइब से भरपूर अनन्या पांडे का यह लुक बेहद ग्रेसफुल लग रहा है. उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं.

अनन्या पांडे ने अपने लुक को पूरा करने के लिए हल्का और नेचुरल मेकअप किया है. उन्होंने अपने बालों को स्लीक बन में बांधा है, जिसे पिंक फूलों से सजाया गया है, जो उनके पूरे लुक को और भी एलीगेंट बना रहा है. अनन्या पांडे ने इस लुक के साथ स्टेटमेंट ईयररिंग्स कैरी किए, जो आकर्षक होने के बावजूद ओवरडोन नहीं लगे और पूरे लुक को खूबसूरती से बैलेंस किया. कुल मिलाकर, अनन्या का ये अंदाज मिनिमल एलिगेंस और ट्रेडिशनल चार्म का परफेक्ट कॉम्बिनेशन नजर आया. अनन्या इस ट्रेडिशनल लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. एक्ट्रेस का ये लुक उनके फैंस को भी काफी पसंद आ रहा है. उनके इस पोस्ट पर फैंस लगातार कमेंट कर रहे हैं. अनन्या पांडे ने फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, कितने चांद, स्पॉट किए आपने? बता दें कि अनन्या पांडे की फिल्म चांद मेरा दिल के प्रोड्यूसर करण जौहर हैं. वहीं, विवेक सोनी इस फिल्म को डायरेक्ट किया है.



# कूलर से आती है गंदी बदबू ? इन 5 तरीकों से उसे कर सकते हैं दूर



गर्मियों में कूलर का इस्तेमाल करना काफी आरामदायक होता है। हालांकि, अगर कूलर से बदबू आने लगे तो यह अनुभव को खराब कर सकता है। यह बदबू बैक्टीरिया और फंगस की वजह से आती है, जो गंदगी और नमी में पनपते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने कूलर से आने वाली बदबू को आसानी से दूर कर सकते हैं और उसे साफ-सुथरा रख सकते हैं। बेकिंग सोडा एक उपयोगी सामग्री है, जो बदबू को दूर करने में मदद कर सकता है। इसे कूलर के पानी में मिलाने से नमी कम होती है और बैक्टीरिया पनपने का मौका नहीं मिलता। इसके लिए कूलर के पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दें, फिर पानी बदल दें। इससे आपके कूलर से आने वाली बदबू खत्म हो जाएगी और वह साफ-सुथरा रहेगा। नींबू का रस न केवल ताजगी देता है, बल्कि इसमें मौजूद एसिड भी बैक्टीरिया को मारता है, जिससे बदबू नहीं आती। इसके लिए कूलर के पानी में नींबू के कुछ टुकड़े डालें या फिर सीधे इसके रस को पानी में मिलाएं। इससे आपके कूलर से आने वाली बदबू दूर हो जाएगी और ताजगी बनी रहेगी। नींबू का नियमित उपयोग आपके कूलर को साफ-सुथरा रखने में मदद करेगा, जिससे यह लंबे समय तक सही काम करेगा।

सफेद सिरका एक बेहतरीन प्राकृतिक उपाय है, जो बैक्टीरिया को मारता है और बदबू दूर करता है। इसके लिए कूलर के पानी में सफेद सिरके की कुछ बूंदें मिलाएं और इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दें, फिर पानी बदल दें। इससे आपके कूलर से आने वाली बदबू खत्म हो जाएगी और यह साफ-सुथरा रहेगा। सफेद सिरका का नियमित उपयोग आपके कूलर को लंबे समय तक सही काम करने में मदद करेगा। पुदीने की पत्तियां न केवल ताजगी देती हैं, बल्कि इनकी खुशबू लंबे समय तक बनी रहती है। इसके लिए कूलर के पानी में पुदीने की कुछ पत्तियां डालें या फिर इसके तेल की कुछ बूंदें मिलाएं। इससे आपके कूलर से आने वाली बदबू दूर हो जाएगी और ताजगी बनी रहेगी। पुदीने का नियमित उपयोग आपके कूलर को



साफ-सुथरा रखने में मदद करेगा और उससे एक भीनी और अच्छी खुशबु भी आती रहेगी।

कूलर की नियमित सफाई करना बहुत जरूरी है। इसके लिए हर हफ्ते कूलर की टंकी और पंखे को साफ करें। गंदगी हटाने के लिए पानी का उपयोग करें और अच्छे से सुखा लें। साथ ही दाग आदि को हटाने के लिए खास उत्पादों या प्राकृतिक सामग्री का उपयोग करें। इन तरीकों का पालन करके आप अपने कूलर से आने वाली बदबू को आसानी से दूर कर सकते हैं और इसे साफ-सुथरा रख सकते हैं।

# Raghav Chadha takes 'Rangla Punjab to Kangla Punjab' jibe at Kejriwal



**New Delhi, Agency:** After the ED arrested Punjab minister Sanjeev Arora for alleged money laundering, BJP leader and Rajya Sabha MP from Punjab Raghav Chadha attacked Aam Aadmi Party for what he called the "betrayal of Punjab, Punjabis and Punjabiyat."

Chadha said AAP had promised to build a prosperous Punjab, but it has instead pushed the state towards financial ruin. Accusing AAP of pushing "Rangla Punjab towards Kangla (bankrupt) Punjab", Chadha said the state had given the party a mandate to govern, not run loot.

Reacting to reports that Rs 21 lakh in cash was thrown from a ninth-floor balcony during an Enforcement Directorate raid, Chadha questioned the legitimacy and source of the money.

He said no honest person would discard money earned through lawful means in such a manner. "If this money had been earned honestly, nobody would throw it from the ninth floor during a raid. Forget Rs 21 lakh, no one would throw away even Rs 21 earned honestly," Chadha said, adding that the incident raises serious questions regarding corruption and misuse of public funds. Chadha referred to documents reportedly emerging during the investigation that allegedly point towards round-tripping of nearly hundreds of crores through companies based in UAE, Canada and Australia and said the alleged movement of funds through overseas entities indicates a large-scale corruption network operating behind the scenes. "The documents suggest companies were created in UAE, Canada and Australia to facilitate round-tripping of funds. This is a betrayal of Punjab's mandate," Chadha said. He added that the latest ED revelations validate concerns repeatedly raised earlier by leaders including seven Rajya Sabha MPs who had recently distanced themselves from the party. "We repeatedly warned that AAP had fallen into the hands of the corrupt and compromised individuals. Whenever we tried raising these issues within the party, we were silenced," he said, adding that while the state remains burdened with Rs 5 lakh crore debt, allegations about siphoning off of public money overseas are surfacing.

"Punjab deserves accountability. While investigative agencies will do their work, ultimate judgment will come from the people of Punjab," said Chadha, adding that the people of Punjab will reject corruption, betrayal and misuse of public trust in the 2027 elections.

# Carrying hope: Against medical odds, woman delivers baby after rare cancer diagnosis

**New Delhi, Agency:** On May 7, as doctors wheeled her into the operation theatre, Kalpana Gupta knew she was fighting two battles at once. Hours later, a baby girl weighing 1.28 kg was delivered and immediately shifted to specialised neonatal care - a fragile but life-affirming moment that marked the end of a journey defined by fear, endurance and medical precision.For the 32-year-old from Madhya Pradesh, the arrival of her daughter carries a deeper meaning. Kalpana earlier lost a child to stillbirth. When she conceived again, hope returned - only to be upended midway through her fifth month by a diagnosis of acute lymphoblastic leukaemia (ALL), an aggressive blood cancer that required urgent treatment.

The diagnosis turned her pregnancy into a medical emergency, forcing doctors to carefully balance the mother's survival with the safety of the unborn child. What followed was a months-long race against time, marked by constant monitoring and coordinated care.

Kalpana was treated at BLK-Max Super Speciality Hospital, where doctors opted for a calibrated approach - initiating chemotherapy while attempting to prolong the pregnancy for as long as it remained medically safe. "Acute lymphoblastic leukaemia during pregnancy is an extremely rare and high-risk condition. The challenge lies in controlling an aggressive cancer while carefully balancing foetal safety. Through coordinated multidisciplinary care and timely chemotherapy, we were able to stabilise the disease and safely prolong the pregnancy to improve neonatal outcomes," said Dr Dharma Choudhary, chairman, haematooncology, BLK-Max Super Speciality Hospital.

For several months, Kalpana underwent treatment under continuous supervision as doctors tracked both disease progression and foetal development. At 32 weeks, however, foetal monitoring showed growth restriction and altered blood flow patterns, prompting doctors to take an immediate decision to deliver.

## 14 days, 24x7 surveillance, Rs 1.4 crore gone in elderly woman's 'digital arrest'

**New Delhi, Agency:** For 14 days, a 76-year-old homemaker in a south Delhi neighbourhood lived as a prisoner in her own home, monitored 24x7 through a smartphone lens. Between April 20 and May 4, cybercriminals posing as Mumbai Police and ED officers drained Rs 1.4 crore from her accounts - savings her late husband had built over a lifetime of service - after accusing her of funding ammunition for a deadly terror attack.An FIR has been registered, recipient bank accounts identified and a probe is underway. The ordeal began with a landline call on April 20. The voice on the other end claimed to be a senior Mumbai Police officer and recited her full name, address and the fact that she lived alone.

She was told that her bank accounts were used to fund a terrorist attack in Pahalgam in Jammu and Kashmir, which had resulted in 26 deaths. "They told her a non-bailable warrant had been issued against her," a relative told Media. "They insisted they needed to perform a 'financial cleaning' of her accounts to prove her innocence. While one person would pretend to believe her, another would scream that they needed to take immediate action. It was absolute psychological torture." To maintain total control, the conversation was shifted from the landline to a smartphone. For the next two weeks, the victim was placed under a 'digital arrest'. She was ordered to keep a video call active for over 16 hours a day.

"Even during visits to banks, she was instructed to carry a bag with the phone inside, the video call running silently. She was instructed to watch only bhajans on TV, if needed, to calm herself down," the relative said. The woman managed to hide the crisis from her two children, who live abroad, and relatives. "At one point, on a call, she mentioned a Wi-Fi issue. When I offered to send a friend over to fix it, she insisted it was already handled," the relative said. Even the two domestic helps noticed nothing unusual. Over the 14-day period, the victim visited multiple bank branches to transfer funds in fixed deposits, including one worth Rs 30 lakh. The family expressed outrage that despite a history of modest spending, these massive, atypical transactions were never flagged.

# Toe-to-finger transplant helps 18-year-old regain function and confidence



**New Delhi, Agency:** In a display of surgical precision and innovation, doctors at a Delhi hospital have restored hand function in an 18-year-old college student through a rare toe-to-finger transplant.

The patient, a tourism student, had a severe deformity in her left middle finger that gradually worsened, causing soft tissue contraction, restricted movement, and difficulty performing everyday tasks. Beyond the physical challenges, the deformity also took a toll on her confidence.

"Not having a finger affected my confidence for many years, and I often felt awkward in front of others. After this reconstruction surgery, I feel much more confident and positive. It has really helped me to carry out daily activities more comfortably," the patient said.

A multidisciplinary surgical team led by Dr Rahul Kapoor, head of department and consultant, onco-reconstructive and plastic surgery, Manipal Hospital, undertook the complex reconstruction. They harvested her second toe and transplanted it to her hand in an eight-hour operation.

"Routine microsurgery uses vessels over 1-1.5 mm, but here we worked with 0.5-1 mm ones, raising the complexity," Dr Kapoor explained.

They removed the damaged metacarpal bone from the hand and replaced it with a matching toe metatarsal segment. Microvascular anastomosis (connecting tiny blood vessels) was critical to ensure the survival of the transplanted tissue. One of the most distinctive aspects of the case was the use of the patient's existing finger skin, which had become redundant due to the deformity. Instead of discarding it, surgeons repurposed this skin to cover the transplanted toe. "This gave us an advantage. We achieved both adequate bulk and preserved sensation, which typically takes six to eight months to develop after nerve repair," Kapoor said. The case also presented unique anatomical challenges. Differences between toe and finger function required careful adaptation, while prior tissue changes in the hand meant surgeons had to reassess the recipient site in detail before proceeding. "Understanding both donor and recipient anatomy at this level is crucial. Fingers have more strength than toes," Dr Kapoor said, adding that such procedures continue to evolve with each case.

# 15-year-old stabbed to death in Delhi's Usmanpur; minor suspect apprehended



**New Delhi, Agency:** A 15-year-old boy was allegedly stabbed to death in the Usmanpur area of Northeast Delhi on Saturday night, with police later apprehending the main suspect in connection with the case.

According to police sources, information regarding the incident was received at around 10 pm from a hospital, where the injured teenager had been brought by his family members.

However, doctors declared him dead on arrival. Following the incident, police registered a case of murder and launched an investigation. Preliminary inquiry revealed that a dispute had broken out hours before the murder between the victim's younger brother and another youth in the area.

Police said the teenager had intervened in an attempt to resolve the altercation. Investigators suspect that the earlier confrontation escalated later in the evening, eventually leading to the fatal stabbing.

During the course of the investigation, police identified and apprehended a 17-year-old suspect allegedly involved in the attack.

Cops are currently questioning the accused to ascertain the exact sequence of events and to determine whether any other individuals were involved in the crime.

# Delhi: 673 hectares of Central Ridge declared reserved forest by govt

**New Delhi, Agency:** In a bid to take care of the green cover in the national capital, the Delhi Government on Saturday declared 673.32 hectares of the Central Ridge area as reserved forest under Section 20 of the Indian Forest Act, 1927.

The area falls under the Western Forest Division of the Forest Department and covers parts surrounding Sardar Patel Marg and the President's Estate.

Chief Minister Rekha Gupta said the government had already decided that large-scale plantation of native and environmentally suitable tree species will be carried out wherever suitable vacant land is available in the areas declared as Reserved Forests. Gupta said the decision would prove to be a milestone in strengthening Delhi's natural heritage, biodiversity and ecological security.

She stated that providing legal protection to Delhi's ecologically sensitive Ridge areas had remained pending for several decades. "With commitment and determination, our government has declared nearly 673.32 hectares of the Central Ridge area as Reserved Forest.

This decision reflects our commitment towards environmental conservation, expansion of green cover, and securing a safe and balanced future for coming generations," she said.

# Cellphone export ops genuine, says Arora's firm Hampton Sky



**New Delhi, Agency:** Hampton Sky Realty Limited, formerly known as Ritesh Properties and Industries Limited, on Saturday issued a detailed statement defending itself against recent Enforcement Directorate (ED) proceedings, asserting that its mobile-phone export operations were genuine, fully documented and compliant with the Indian law. Punjab Minister Sanjeev Arora has served as Director and Promoter of the company which is under the ED lens.

In a press statement, the company said the mobile-phone manufacturing and export had been identified by the Government of India as a flagship priority sector under "Make in India" and the Production-Linked Incentive scheme. The company said the country's mobile-phone export turnover grew from approximately Rs 1,500 crore in FY 2014-15 to approximately Rs 2 lakh crore in FY 2024-25, a 127-fold increase and recognising this national thrust, the company entered the mobile-phone export business in May 2023. According to the statement, Hampton Sky Realty exported 44,471 units of branded mobile phones and accessories, including Apple iPhones, AirPods, Samsung and OnePlus devices. The company asserted that each shipment underwent multiple levels of independent verification by statutory and international entities. These checks, it said, included physical examination by Customs officials at the Air Cargo Complex in New Delhi, IMEI scanning through the ICEGATE system, and verification by original equipment manufacturers such as Apple and Samsung through their global activation databases. The company claimed that the verified IMEIs confirmed that the exported handsets were activated outside India after export, thereby establishing the authenticity of the consignments.

The company argued that the IMEI verification process could not be manipulated domestically, describing it as conclusive proof of genuine exports. It further stated that all export proceeds were received through authorised banking channels and corresponding Bank Realisation Certificates were uploaded on the DGFT portal.

Rejecting allegations of "round-tripping" or bogus exports, the company claimed the entire export revenue was paid to domestic suppliers through banking channels and that no funds were diverted, retained offshore or routed back to associated entities.

The statement also addressed concerns linked to Goods and Services Tax (GST) input-tax-credit claims involving some suppliers. Hampton Sky Realty said the disputed transactions formed only a small fraction of its overall procurement and maintained that the alleged irregularities were entirely supplier-side issues. The company revealed that it had itself lodged an FIR in May 2025 at Ludhiana's Focal Point police station against three suppliers - SK Enterprises, Global Traders and GMG Tradelink Pvt Ltd - alleging fraud under provisions of the Indian Penal Code.

# Tragedy re-run: Returning from IPL match, 2 childhood friends die after car hits bike in Delhi





**New Delhi, Agency:** Two childhood friends were returning home on their Bullet motorcycle after watching the Delhi Capitals versus KKR IPL match on Friday night. The young men had come down the Signature bridge flyover in northeast Delhi's Khajuri Khas around 11.30 pm.

A speeding car, a silver Maruti Celerio, rammed the bike from behind near the service lane close to the Bhajanpura metro station. While the impact flung both riders into the road, the pillion rider was thrown 15 metres away. The car reportedly spun around three times before crashing into a nearby divider. Doctors declared the two brought dead. The accident bears similarities to a hit-and-run reported earlier last month when two cousins aged 20 and 14 were killed while returning home after watching an IPL match on a motorcycle in central Delhi's Ashoka Road. The bikers who died in Friday's accident were residents of Karawal Nagar. They were identified as Rohit Kashyap (31), and Hemant Sharma (33).

The car driver, identified as Himanshu (27), a lawyer, was beaten up by locals. People said he was driving over 80 kmph and appeared intoxicated. DCP (northeast) Ashish Kumar Mishra said, "The accused driver has been arrested, and the offending vehicle has been seized." His blood sample has been sent for testing. Police said the accused was going to a friend's house in Dayalpur.